हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार 6 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 33.5 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

12 जरवाय बदहाल, तीन कर्मचारियों के भरोसे ...



13 जोरा तालाब मार्ग पर कथित कब्जे को लेकर ...



पैनिकल माइट से धान की फसल हो सकती है बदरंग, मकड़ियों के संरक्षण से होगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

कृषि विभाग की एडवाइजरी खेतों और मेड़ों की करें सफाई, कटाई के बाद खेत अवशेष करें नष्ट, फसल चक्र अपनाएं

जिले में धान की खरीफ फसल लगभग तैयार होने को है। 1.25 लाख हेक्टेयर से ज्यादा रकबे में इस बार धान की फसल ली जा रही है। फसल के पैनिकल माइट के कारण बदरंग होने और उत्पादन प्रभावित होने का खतरा बढ़ गया है। इसे देखते हुए कृषि विभाग ने किसानों के लिए एडवाइजरी जारी की है। धान की फसल में राईस पैनिकल माईट धान की मकड़ी से होने वाली क्षति के लक्षणों एवं इसके समुचित प्रबंधन की सलाह दी है। कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा के विशेषज्ञों के अनुसार यह अत्यंत सूक्ष्म कीट स्टेनेओटारसोनेमस स्पिंकी स्माइली धान के गभोट बूटिंग अवस्था से लेकर बालियों में दूध भरने के दौरान फसल पर हमला करता है, जिससे दाने बदरंग कत्थई, लाल या काले एवं खाली बदरा रह जाते हैं तथा उत्पादन में 5 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक का भारी नुकसान हो सकता है। पत्तियों पर सफेद-भूरी धारियां बनना, बालियों में फफूंद व जीवाणु जनित संक्रमण से धब्बे पड़ना तथा चावल बनने की प्रक्रिया का रुकना इसके प्रमुख पहचान चिन्ह हैं। इस कीट की मादा एक बार में 50 से 80 अंडे देती है, जिससे 2 से 4 दिन में निकले निंफ शिशु बालियों व दानों का रस चूसकर 3 से 7 दिनों में सर्वाधिक क्षति पहुंचाते हैं और मात्र 10 से 12 दिनों में नई पीढ़ी तैयार हो जाती है। 25 डिग्री सेल्सियस से 35 डिग्री सेल्सियस तापमान, 80 से 90 प्रतिशत की नमी, उमस भरा मौसम तथा नाइट्रोजन (यूरिया) का अत्यधिक प्रयोग इसके तीव्र फैलाव के मुख्य कारण हैं। यह कीट फसल अवशेषों (नरई), मेड़ों के खरपतवारों, जंगली लाल धान, संक्रमित बीज, तेज हवा, सिंचाई जल, कृषि यंत्रों, मजदूरों के कपड़ों एवं अन्य मित्र कीटों के माध्यम से एक खेत से दूसरे खेत में तेजी से प्रसारित होता है।



खेतों में पड़े अवशेषों की नियमित सफाई आवश्यक

अधिकारियों ने बताया कि कीट के प्रभावी नियंत्रण के लिए कृषि विभाग ने किसानों को एकीकृत प्रबंधन अपनाने की सलाह दी है। इसके अंतर्गत खेतों एवं मेड़ों की सफाई रखने, कटाई के बाद खेत की गहरी जुताई कर अवशेष नष्ट करने, धान के बाद दलहनी-तिलहनी फसलों का फसल चक्र अपनाने और प्राकृतिक रूप से कीटों को खाने वाली शिकारी (मित्र) मकड़ियों का संरक्षण करने का सुझाव दिया गया है। साथ ही यूरिया का असंतुलित प्रयोग न करते हुए पोटाश व सल्फर की संतुलित मात्रा देने की सलाह दी गई है। रासायनिक नियंत्रण हेतु गभोट एवं बालियां निकलने की शुरुआती अवस्था में स्पाइरोमेसिफेन 22.9 प्रतिशत एससी 150 मिली तथा प्रोपिकोनाजोल 25 प्रतिशत ईसी 150 मिली प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करने की अनुशंसा की गई है।

खबर संक्षेप

अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार



भिलाई। अवैध शराब बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अमलेश्वर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम झीट में अवैध रूप से शराब बेचने की खबर मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दबिश दिया। जहां से बसंत कुमार सिन्हा को पकड़ा गया जो झीट गांव का रहने वाला है। उसके पास से 30 पौवा देशी शराब कुल 5.400 बल्क लीटर, तीन हजार रुपए का बरमाद किया है। आम नागरिकों से अपील करती है कि अवैध शराब के निर्माण, परिवहन बिक्री की जानकारी तुरंत पुलिस थाना को दी गई।

नशीली दवाओं के साथ दो युवक गिरफ्तार



भिलाई। नशीली दवाओं के साथ दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना पदमनाभपुर पुलिस थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दुर्ग स्थित रवि शंकर स्टेडियम के सामने घेराबंदी कर दो युवकों को पकड़ा गया। ग्रे रंग की कार सीजी 07 एएम 6045 में नशीली टेबलेट रखकर बेचने की फिराक में दो युवक खड़े थे। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा गया। पूछताछ में युवकों ने अपना नाम मुक्त नगर एमआई 635, पदमनाभपुर निवासी दीपांकर दास वैष्णव, कसारीडीह, गौरा-गौरी चौक मुकेश राजपुत बताया है। दोनों के पास से पुलिस ने 160 नग नशीली दवा अल्प्राजोलम टेबलेट, कार तीन मोबाइल, नगदी रकम 790 रुपये जब्त किया गया। उक्त सामानों की कीमत 4.4लाख 790 रुपये आंकी गई है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। आरोपियों ने नशीली अल्प्राजोलम टेबलेट को अपने कब्जे में रखकर रवि शंकर स्टेडियम के सामने कार में बैठकर ग्राहकों की खोज कर रहे थे।

भर्ती में गड़बड़ी का असर : बाहर से बुलाए गए 9 एक्सटर्नल सोमवार को लौटे

कामधेनु यूनिवर्सिटी के बिलासपुर वेटरनरी कॉलेज की मान्यता खतरे में, नवंबर तक भर्ती प्रक्रिया पूरी करने की शर्त पर मिली थी मान्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

कामधेनु यूनिवर्सिटी में सामने आए भर्ती घोटाले के बाद अब बिलासपुर वेटरनरी कॉलेज की मान्यता पर ही खतरा पैदा हो गया है। बता दें कि कामधेनु यूनिवर्सिटी से संबद्ध वाले इस कॉलेज को मान्यता सिर्फ इस आधार पर मिली थी कि नवंबर 2026 तक स्टॉफ यानी प्राध्यापक और कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इसके साथ ही कॉलेज में स्टूडेंट्स को एडमिशन दिया जाएगा। वर्तमान में राज्यपाल के निर्देश के बाद भर्ती पर प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई है। इससे पहले एक अक्टूबर को बकायदा रिटन एग्जाम लिया गया। दो अक्टूबर को इंटरव्यू होना था, लेकिन शासन ने 1 अक्टूबर को ही अनियमितता और अन्य गड़बड़ी सामने आने के बाद पूरी भर्ती प्रक्रिया पर ही रोक लगा दी थी। बता दें कि इस प्रक्रिया के लिए कामधेनु यूनिवर्सिटी ने 9 विशेषज्ञों को देश के अलग-अलग कोने से बुलाया था। रिटन और इंटरव्यू की प्रक्रिया उनके मार्गदर्शन में ही पूरी होने थी। इन विशेषज्ञों को पृथ्वी पैलेज और होटल में रुकवाया गया था, जहां करीब 3 दिनों तक वे रहे। सोमवार को सभी सदस्य लौट गए। भर्ती प्रक्रिया के लिए 25 हजार से ज्यादा की स्टेशनरी और अन्य सामान के लिए भी राशि खर्च की गई। करीब 5 लाख रुपए खर्च किए गए। अब पूरी प्रक्रिया ही रद्द हो गई है। प्राध्यापक व सह-प्राध्यापक पदों की भर्ती प्रक्रिया स्थगित होते ही बिलासपुर वेटरनरी कॉलेज में स्टूडेंट्स की प्रवेश प्रक्रिया पर भी रोक लगा दी गई है। कॉलेज में दाखिले की अंतिम तारीख 5 अक्टूबर तय थी, लेकिन ऐन वक्त पर लिए गए इस फैसले ने छात्रों के भविष्य पर सवालिया निशान लगा दिया है। कॉलेज में पूर्व में ही 30 से अधिक शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक पदों पर भर्तियां की जा चुकी हैं। उन्हें अलग-अलग जगहों पर अस्थाई तौर पर पदस्थापना दी गई है। उन्हें अलग-अलग कॉलेजों में अटैच कर रखा गया है।



गड़बड़ी : तीन दिन पहले रद्द हो गई थी पूरी भर्ती प्रक्रिया


घोटालों का अड्डा बनी कामधेनु यूनिवर्सिटी, गड़बड़ी के बाद भी रिटन हुआ एग्जाम, इंटरव्यू सहित प्रक्रिया रद्द

कामधेनु यूनिवर्सिटी में अनियमितता सामने आने और चहेतों को फायदा पहुंचाने के लिए प्राध्यापकों की भर्ती में गड़बड़ी सामने आने के बाद पिछले दिनों भर्ती प्रक्रिया रद्द कर दी गई गई थी। इसके अंतर्त सारे नियम कायदों को ताक पर रखा गया। इतना ही नहीं शिकायत और जांच के दौरान भी प्रक्रिया को पूरा करने का प्रयास किया गया। एक दिन पहले 1 अक्टूबर को रिटन एग्जाम तक ले लिया गया। इसके बाद ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने इस पूरे मामले में पुनः शिकायत की। इसके बाद देर शाम पूरी प्रक्रिया पर ही रोक लगा दी गई। 2 अक्टूबर को इंटरव्यू होना था, इसे भी रोक दिया गया। कामधेनु यूनिवर्सिटी में पिछले कुछ समय से लगातार कार्यों में भी गड़बड़ी सामने आई है।

वीसीआई की टीम को मिली थी निरीक्षण के दौरान कमियां

फरवरी में वीसीआई की टीम के विजिट से पहले सब कुछ ठीक-ठीक बताने के लिए गुजरात से गाय लाई गई। महाराष्ट्र से अन्य जानवर मंगाए गए। फिर भी कमी सामने आई थी। वेटरनरी कॉलेज में प्रेक्टिकल के लिए गाय, बकरी सहित अन्य जानवर की आवश्यकता होती है। उस समय मैनपावर के साथ-साथ जानवरों की कमी को भी टीम ने नोटिस किया। मैनपावर की नियुक्ति के लिए वीसीआई ने समय देते हुए 80 सीटों में प्रवेश हेतु मान्यता दे दी। नए शिक्षा सत्र से 80 सीटों में प्रवेश दिया जाएगा। फर्स्ट और सेकंड ईयर के लिए ही मान्यता दी गई। टीचिंग स्टाफ की कमी को दूर करने के लिए भर्ती प्रक्रिया की गई, लेकिन वर्तमान में इस प्रक्रिया में कई अनियमितता सामने आई। मामला विधानसभा तक में उठा। इतना ही नहीं ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने अलग-अलग जगहों पर इस पूरे मामले की शिकायत भी की। इसके बाद इस भर्ती प्रक्रिया को ही रोक दिया गया। सात साल तक मान्यता नहीं मिलने से करीब 9.50 करोड़ रुपए का खर्च भी यूनिवर्सिटी को वहन करना पड़ा।

भर्ती प्रक्रिया के लिए बुलाए गए विशेषज्ञों की आवभगत में फूंके 5 लाख

करीब 8 साल पहले कुछ समय के लिए मिली थी मान्यता, जानिए

वीसीआई यानी वेटरनरी काउंसिल ऑफ इंडिया की टीम ने फरवरी माह में कामधेनु यूनिवर्सिटी और बिलासपुर वेटरनरी कॉलेज का विजिट किया था। उस समय निरीक्षण के बाद उन्होंने रिपोर्ट दी। इसके बाद इस शर्त पर मान्यता दी थी कि सभी शैक्षणिक पदों को मापदंडों के अनुसार भरा जाए। इसके तहत शासन ने बैकलॉग सहित व 70 नए पदों की मंजूरी दी थी। नवंबर तक प्रक्रिया पूरी करनी थी, जो नहीं हो पाई। बता दें कि नीट के नतीजे घोषित होने के बाद कॉलेज में एडमिशन की प्रक्रिया अगस्त के अंतिम सप्ताह से शुरू होने जा रही है, लेकिन कॉलेज के लिए नियुक्त टीचिंग स्टाफ की अब तक वापसी नहीं हुई है। इनमें से कोई अंजोरा कॉलेज में ड्यूटी कर रहा है तो कोई यूनिवर्सिटी में अलग-अलग विभाग के प्रभारी बने बैठे हैं। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर भी इस मुद्दे को उठाया। इसके बाद इस पूरे मामले का खुलासा हुआ। इसके बाद भी विवि प्रशासन बिलासपुर कॉलेज के स्टाफ को अब तक रिलीव नहीं किया है। बता दें बिलासपुर में वेटरनरी कॉलेज को मान्यता के लिए 10 वर्षों से कवायद चल रही है। सात साल पहले एक वर्ष के लिए एनसीवीटी ने मान्यता दी। उसके बाद टीचिंग स्टाफ, प्रैक्टिकल लैब सहित अन्य संसाधनों की कमी बताते हुए मान्यता के आवेदन खारिज होते चले गए। विवि प्रशासन खामियों को दूर करने के लिए हर साल कोई न कोई कदम उठाता रहा। जिसमें नियमित टीचिंग स्टाफ की भर्ती शामिल है।

नए सत्र में वीसीआई ने दी थी 80 सीटों में प्रवेश के लिए मान्यता

वेटरनरी कॉलेज बिलासपुर में पढ़ने के लिए वीसीआई ने 80 सीटों की मान्यता दी थी। प्रदेश में अब तक अंजोरा में एक ही वेटरनरी कॉलेज चल रहा है। इसे 80 सीट की मान्यता है। इसमें से 12 सीट वीसीआई के लिए आरक्षित है। लिहाजा 68 सीटें ही प्रदेश के विद्यार्थियों के लिए रह जाती है। अन्य विद्यार्थियों को वेटरनरी की पढ़ाई के लिए दूसरे प्रदेश की ओर रूख करना पड़ता है। इस स्थिति को देखते हुए कामधेनु विश्वविद्यालय ने बिलासपुर में भी वेटरनरी कॉलेज शुरू करने के लिए 2017 में पहली बार आवेदन किया था। उस वर्ष तो कॉलेज को मान्यता मिल गई, लेकिन उसके बाद के वर्षों में कॉलेज में स्टाफ और इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी की वजह से मान्यता लटकती रही है। फरवरी में वीसीआई की टीम ने कॉलेज का निरीक्षण किया। उस दौरान कई खामियां मिली, जिसे दूर करने के लिए दो महीने दिया गया। मार्च के अंतिम सप्ताह टीम ने 10 वीं बार मान्यता के लिए निरीक्षण किया। इस बार कॉलेज को सशर्त मान्यता दी गई। 5 में से 3 विभागों में अध्यापन कराने वालों की भर्ती करने कहा गया। इसके बाद नई भर्ती के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई। इसके अलावा कॉलेज बिल्डिंग में दो फ्लोर का ही काम पूरा हुआ है, इसलिए मान्यता भी फर्स्ट और सेकंड ईयर के लिए ही दी गई है। तीसरे और चौथे फ्लोर का निर्माण अधूरा है। इसके पूरा होने के बाद थर्ड और फोर्थ ईयर की पढ़ाई के लिए प्रवेश की मान्यता देने की तैयारी थी।

बंद रहेगा नेहरू नगर अंडर ब्रिज, मरम्मत शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नेहरू नगर अंडर ब्रिज का आवश्यक मरम्मत कार्य किया जा रहा है। जो 5 अक्टूबर से 10 नवम्बर तक 35 दिनों तक काम चलेगा। नेहरू नगर चौक से सेक्टर की दोनों मार्ग बारी बारी बंद रहेगा।

ट्रैफिक पुलिस वाहन चालकों से अपील किया है कि मरम्मत कार्य के दौरान अनावश्यक परेशानी ट्रैफिक जाम से बचने के लिए निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। नेहरू नगर से सेक्टर की ओर जाने वाले वाहन चालक ओवर ब्रिज मार्ग,सुपेला एवं राधिका नगर क्षेत्र से सेक्टर की ओर जाने वाले वाहन चालक सुपेला अंडर ब्रिज मार्ग का उपयोग कर अपने गंतव्य तक पहुंचें। इसके अलावा सेक्टर की ओर से नेहरू नगर चौक की दिशा में आने वाले वाहनों के लिए अंडर ब्रिज मार्ग पर केवल दो पहिया वाहनों को आवागमन की अनुमति होगी। इस मार्ग पर स्कूल बस, चारपहिया वाहनों का आवागमन न करें, वे ओवर ब्रिज मार्ग का प्रयोग करे ताकि मरम्मत कार्य के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू बनी रहे। ट्रैफिक पुलिस सभी वाहन चालकों से अपील किया है कि मरम्मत कार्य स्थल पर अनावश्यक रूप से वाहन न रोकें, ट्रैफिक पुलिस लगाए गए डायवर्सन दिशा संकेतों का पालन करें।



इस रास्ते का करें उपयोग

- पहले फेस में नेहरू नगर चौक से सेक्टर की ओर
- नेहरू नगर से सेक्टर की ओर जाने वाले वाहन ओवर ब्रिज मार्ग पर
- सुपेला राधिका नगर क्षेत्र के लोग सेक्टर की ओर जाने के लिए सुपेला अंडर ब्रिज

जिले के सड़क हादसों में 28% की आई कमी


भिलाई। जिले में सड़क हादसों में 28 प्रतिशत कमी आने की बात सामने आई है। यह कमी जनवरी से सितंबर 2025 की तुलना में जनवरी से सितंबर 2026 में सिर्फ 77 की कमी दर्ज हुई है। जनवरी से सितंबर 2026 तक ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर कुल 82,981 चालानी कार्रवाई की गई। इनमें बिना हेलमेट वाहन चलाने के 74,386, बिना सीट बेल्ट वाहन 6,397,शराब सेवन कर वाहन चलाने 2,198 प्रकरण शामिल हैं। जनवरी से सितंबर 2025 की तुलना में जनवरी से सितंबर 2026 में सड़क हादसों में कमी आई है। वर्ष 2025 में 272 मृत्यु के मामले दर्ज हुए थे, जबकि वर्ष 2026 में यह संख्या घटकर 195 रह गई। इस प्रकार होने वाले हादसों में पिछले कुछ कमी आई है। ट्रैफिक पुलिस की मुहिम जारी है।

मौसम में बदलाव... सुबह हो रही 6 बजे और सूरज डूब रहा शाम 5:48 बजे

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

अक्टूबर महीने का पहला हफ्ता गुजरने को है। इसके साथ ही मौसम में बदलाव शुरू हो गया है। सुबह के समय ठंडी हवाओं का असर दिखने लगा है। इसके अलावा सुबह और शाम के समय उजाले के समय में भी परिवर्तन देखने को मिल रहा है।

सुबह जहां 5:57 बजे हो रही है, वहीं शाम को सूरज 5:48 बजे डूब रहा है। हालांकि दिन के तापमान में बदलाव देखने को नहीं मिला है, लेकिन रात के तापमान में गिरावट दर्ज की है। पारा 21.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 2 डिग्री कम रहा। मौसम विभाग के मुताबिक आगामी दिनों में बारिश की संभावना कम हो गई है। उत्तर-पश्चिम से आने वाली ठंडी हवाओं का असर शुरू हो गया है। गुलाबी ठंड ने दस्तक दे दी है। सुबह और शाम के समय अब हल्की ठंड का अहसास होने लगा है। बीते एक सप्ताह से लगातार तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून की विदाई लगभग हो गई है। कुछ जगहों पर हल्की और खंड वर्षा की संभावना है। आमतौर पर छत्तीसगढ़ में अक्टूबर के पहले सप्ताह में मानसून की वापसी शुरू हो जाती है। इस बार देरी से हो रही है। मौसम में हो रहे बदलाव का असर स्वास्थ्य पर भी दिख रहा है। तापमान में गिरावट से बच्चों और बुजुर्गों में वायरल फीवर, सर्दी-खांसी जैसी मौसमी बीमारियां बढ़ गई हैं।



छेड़खानी करने वाले आरोपी के मकान पर चले बुलडोजर, पीड़ित परिवार को धमकाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

पांच वर्षीय मासूम के साथ छेड़खानी करने वाला खुर्सीपार निवासी दिलावर यादव की गिरफ्तारी के बाद अब उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को लेकर स्थानीय लोगों ने पुलिस को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें निष्पक्ष जांच, आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और उसके घर पर बुलडोजर चलाने, बीच चौराहे पर सजा देने और पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने की मांग की गई है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि घटना 2 अक्टूबर की है। मासूम को दर्द और ब्लीडिंग की शिकायत होने के बाद अस्पताल लेकर जाया गया। बच्ची ने परिजनों के मुताबिक अंकल ने उसे गलत तरीके से छुआ और उसे पकड़ लिया था। परिजनों की शिकायत के आधार पर खुर्सीपार पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया और 3 अक्टूबर को आरोपी दिलावर यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लोगों ने एएसपी शोभराज अग्रवाल को दिए ज्ञापन में आरोप लगाया कि, आरोपी के समर्थन में कुछ राजनीतिक से जुड़े लोग पीड़ित परिवार पर दबाव बना रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि परिवार को डराने-धमकाने और बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। लोगों ने इसे लेकर जांच और पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने आरोपी के पुराने आपराधिक मामलों और उसके परिवार से जुड़ी शिकायतों की जांच कराने की मांग की है। बीएसपी की जमीन पर कथित कब्जे, डेयरी संचालन,गोकुल नगर में खटाल के लिए आवंटित जमीन से जुड़ी शिकायतों की जांच की मांग भी ज्ञापन में उल्लेख किया है।

- एसएसपी को सौंपा ज्ञापन



प्रतिष्ठित ब्रांड के आउटलेट होगा स्थापित, खानपान की गुणवत्ता होगी बेहतर

प्रीमियम ब्रांड कैटरिंग आउटलेट की सुविधा दुर्ग रेलवे स्टेशन में जल्द

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को रेलवे स्टेशनों पर बेहतर, स्वच्छ, सुविधाजनक और उच्च गुणवत्ता वाली खानपान सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के वाणिज्य विभाग ने बेहतर पहल किया है। रेलवे स्टेशनों पर अब प्रीमियम ब्रांड कैटरिंग आउटलेट की सुविधा उपलब्ध होगी।

यात्रियों को स्टेशन परिसर में ही आधुनिक वातावरण के साथ प्रतिष्ठित बांड के गुणवत्तापूर्ण खाद्य एवं पेय पदार्थ भी उपलब्ध होगा। दुर्ग रेलवे स्टेशन पर 2 प्रीमियम ब्रांड कैटरिंग आउटलेट जल्द शुरू होने जा रहे है। प्रीमियम ब्रांड कैटरिंग आउटलेट के स्टॉल आवंटन की प्रक्रिया ई-नीलामी और प्रतिस्पार्धात्मक तरीके से पूरी की गई है। प्रीमियम ब्रांड कैटरिंग आउटलेट शुरू होने के बाद यात्रियों को सामान्य कैटरिंग स्टॉल के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित ब्रांड के खाद्य, पेय पदार्थों के विकल्प भी उपलब्ध होंगे। इन आउटलेट्स पर स्नैक्स, पेय पदार्थ,अन्य लोकप्रिय खाद्य उत्पाद उपलब्ध कराए जाएंगे। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता बनाए रखने के लिए ब्रांड द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मानकों का पालन किया जाएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए डिजिटल भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। इससे यात्रियों को विशेष रूप से सुबह एवं देर रात के समय भी खानपान की सुविधा मिल पाएगा।



ये भी होंगे स्टॉल में

- चाय स्टॉल चाय, बिस्कीट, नाश्ते की सुविधा।
- मिल्क बार दुग्ध, दुग्ध उत्पाद।
- जूस बार, जूस , ताजे फलों से जुडा उत्पाद।
- प्रीमियम ब्रांड कैटरिंग आउटलेट प्रतिष्ठित ब्रांड के खाद्य व पेय पदार्थ।

आधुनिक खानपान भी होगा

रायपुर मंडल के रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की आवश्यकता और सुविधा के अनुरूप विभिन्न प्रकार की कैटरिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। यात्रियों की बढ़ती अपेक्षाओं एवं बदलती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा रेलवे स्टेशनों की यात्री सुविधाओं को आधुनिक, आकर्षक, गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। प्रीमियम ब्रांड कैटरिंग आउटलेट की पहल रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को आधुनिक खानपान सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्टेशन के समग्र यात्री अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रेलवे का उद्देश्य यात्रियों को अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थलों की तरह रेलवे स्टेशनों पर भी ब्रांड के गुणवत्तापूर्ण खानपान के विकल्प उपलब्ध होंगे।

कांग्रेस ने तेज की आगामी दिनों में होने वाले निकाय चुनाव की तैयारी, इधर भाजपा के नेता भी मोर्चे पर, मंत्री ने ली बैठक

मंत्री केदार कश्यप ने नक्सलवाद पर कांग्रेस को घेरा, गिनाई सरकार की उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



परिवहन मंत्री केदार कश्यप सोमवार की दुर्ग में थे। स्थानीय सर्किट हाउस में उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं से चर्चा की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजनीतिक एवं सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उनके कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रहित और राष्ट्रसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए देश को विकास एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाया है। नरेंद्र मोदी 7 अक्टूबर को अपने राजनीतिक एवं सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण कर रहे हैं। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जा रहा है। अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देश के विकास, आत्मनिर्भर भारत और जनकल्याण की दिशा में किए गए कार्यों एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी हितग्राहियों तथा समाज की अंतिम पंक्ति के लोगों तक पहुंचाई जा रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, महिला सशक्तिकरण, युवाओं को प्रोत्साहन, बच्चों के पोषण और देश की सुरक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में केंद्र सरकार ने प्रभावी योजनाएं लागू की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की विदेश नीति से विश्व में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सुखदेव भगत के आगामी बस्तर दौरे से जुड़े सवाल पर मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि बस्तर की धरती पर उनका स्वागत है, लेकिन वे पहले बस्तर को नक्सलवाद से मुक्त कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को साधुवाद देना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि बस्तर में नक्सलियों द्वारा किए गए नरसंहार किसी से छिपे नहीं हैं। नक्सलियों ने कांग्रेस के कई बड़े नेताओं की हत्या की और उनके शवों के साथ भी दुर्व्यवहार किया। श्री कश्यप ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के कुछ नेता नक्सली नेता हिड़मा का गुणगान कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस प्रभारी सुखदेव भगत से सवाल किया कि क्या वे नक्सलियों का गुणगान करने वाले कांग्रेस नेताओं को पार्टी से निष्कासित करेंगे? उन्होंने कहा कि ऐसे नेताओं पर कार्रवाई करने के बाद ही कांग्रेस प्रभारी को बस्तर की पावन धरती पर कदम रखना चाहिए। राज्य में परिवहन व्यवस्था को लेकर मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में छत्तीसगढ़ राज्य परिवहन विभाग को बंद कर दिया गया था। प्रदेश में परिवहन सेवाओं को सुविधाजनक बनाने के लिए भाजपा सरकार द्वारा सिटी बस सेवा शुरू की गई है। इस दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, प्रदेश भाजपा मंत्री जितेंद्र वर्मा, निगम सभापति श्याम शर्मा, विनोद अरोरा, अशोक राठी सहित अन्य मौजूद थे।

भूपेश बघेल ने कहा- सिंगल नाम तय करो, ताकि पार्टी को चयन में हो आसानी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



आगामी दिसम्बर माह में प्रस्तावित नगरीय निकाय चुनावों की तैयारियां तेज हो गई है। दोनों ही प्रमुख राजनीतिक पार्टियों में जनसंपर्क का दौर तेज हो गया है। कांग्रेस में जामुल और भिलाई-चरोदा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बैठकें ली। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि एक उम्मीदवार का नाम फाइनल करें, ताकि पार्टी को भी नाम के चयन में परेशानी न हो। वे सीधे लक्ष्मी पैलेस उमदा भिलाई-3 पहुंचे, जहां उन्होंने भिलाई-3 ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण व विस्तृत समीक्षा बैठक ली।

जामुल एवं भिलाई क्षेत्र आगमन पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकालकर उनका स्वागत किया। जामुल में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में भूपेश बघेल ने कहा कि पार्टी हाईकमान के अंतिम फैसले को सभी कार्यकर्ताओं को एकमत होकर स्वीकार करना होगा और आधिकारिक प्रत्याशी को जिताने के लिए जी-जान से जुटना होगा। लक्ष्मी पैलेस में आयोजित समीक्षा बैठक में चुनाव प्रभारी विकास उपाध्याय, जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, राजेन्द्र साहू, महापौर निर्मल कोसरे, वरिष्ठ नेता कृष्णा चंद्राकर, सुजीत बघेल सहित स्थानीय ब्लॉक अध्यक्ष, पार्षद एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि किसी भी प्रकार की गुटबाजी या सोशल मीडिया पर पार्टी विरोधी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसा करने वालों को ब्लॉक स्तर से तत्काल नोटिस जारी कर निष्कासन की कार्रवाई की जाएगी। राकेश ठाकुर ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार की बेतहाशा महंगाई, रुकी हुई विकास योजनाओं और विफलता से जनता परेशान है और बदलाव के मूड में है। भिलाई-3 चरोदा और जामुल सहित पूरे निकाय क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी अपनी जनकल्याणकारी सोच और अभेद्य संगठनात्मक एकजुटता के बल पर ऐतिहासिक जीत हासिल करेगी। रिसाली में भी भूपेश बघेल ने बैठक ली। इस अवसर पर श्रीकांत वर्मा, मनोज मढ़रिया, दुलारी वर्मा, कुमुद मढ़रिया, कमलेश साहु, करीम खान, विजय जैन, प्रमोद चंद्रकार, वेंकट रमन्ना, डे साहब, अभिषेक वर्मा, प्रकाश ठाकुर, सुनीता चन्नैवार, सरोजनी चद्राकर, रामप्यारी वर्मा, सुमन वर्मा, सबीहा खान, ओमकार निर्मलकर, मन्नु यादव, गज्जु साहु, प्रमिला साहु, इस्माईल आजाद, अशोक वर्मा, सीता ठाकुर, किसुन साहु, प्रवीण देवागन, दीपक साहु, राहुल साहु सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

आकाशवाणी से कंचन की कहानी का प्रसारण आज



भिलाई। भिलाई की साहित्यकार कंचन नागवंशी की छत्तीसगढ़ी कहानी खिलेश्वरी का प्रसारण आकाशवाणी रायपुर से महिलाओं के लिए प्रसारित होने वाले कार्यक्रम घर आंगन में 6 अक्टूबर दोपहर 1.30 बजे किया जाएगा। कहानी का प्रसारण 981 किलोहर्ट्ज पर आकाशवाणी रायपुर सहित छत्तीसगढ़ के सभी केंद्रों और मोबाइल एप के माध्यम से सुना जा सकेगा। कंचन नागवंशी छत्तीसगढ़ी और हिंदी दोनों भाषाओं में निरंतर लेखन कर रही हैं। वे कहानी, कविता और समसामयिक विषयों पर आलेख एवं लेख लिखती हैं। उनकी रचनाओं में छत्तीसगढ़ की लोकभाषा, संस्कृति और सामाजिक सरोकारों की झलक देखने को मिलती है। कंचन नागवंशी, एफएसएनएल के पूर्व राजभाषा अधिकारी छगन लाल नागवंशी की सुपुत्री हैं।

मिली आर्थिक सहायता

दुर्ग। प्राकृतिक आपदा एवं दुर्घटनाओं में मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार झझरा नगर नयापारा दुर्ग निवासी पूर्णिमा बाई कौशल की 19 अगस्त 2025 को खेत में आकाशीय बिजली गिरने से, ढांचा भवन, कुरूद भिलाई निवासी मोहम्मद साहिल अंसारी की 2 जून 2025 को मरोदा डेम नेवई में नहाते समय डूबने से तथा कातरो थाना उतई निवासी चन्द्रकला साहू की 19 अगस्त 2025 को आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हुई थी।

उमदा चौक से जरवाय मार्ग पर जगह-जगह बड़े गड्ढे, नालियों में उगी झाड़ियां

जरवाय बदहाल, तीन कर्मचारियों के भरोसे करीब 6 हजार आबादी की सफाई व्यवस्था

वार्ड 4 परिक्रमा
नगर निगम भिलाई-चरोदा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर निगम भिलाई-चरोदा के वार्ड क्रमांक 4 जरवाय में वार्ड परिक्रमा के दौरान मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी कई समस्याएं सामने आईं। वार्डवासियों के मुताबिक सड़क, सफाई और सुरक्षा से जुड़ी परेशानियां लंबे समय से बनी हुई हैं। उमदा चौक से जरवाय की ओर जाने वाली सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हैं। बरसात के दौरान इनमें पानी भर जाने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क के गड्ढे लंबे समय से बने हुए हैं, लेकिन अब तक इनका स्थायी संधारण नहीं हो पाया है। बारिश के दिनों में स्थिति और खराब हो जाती है। गड्ढों के कारण दोपहिया वाहन चालकों के साथ पैदल चलने वाले लोगों को भी संभलकर गुजरना पड़ता है। जरवाय में सफाई व्यवस्था को लेकर भी वार्डवासियों में नाराजगी है। करीब 6 हजार की आबादी वाले इस वार्ड में सफाई के लिए मात्र तीन कर्मचारी हैं। कर्मचारियों के साप्ताहिक अवकाश के कारण कई दिनों में सफाई व्यवस्था और प्रभावित हो जाती है। नालियों की लंबे समय से सफाई नहीं होने के कारण उनमें जंगल-झाड़ियां उग आई हैं। कई जगह नालियों में गंदगी जमा होने से पानी की निकासी भी प्रभावित होने की बात स्थानीय लोगों ने कही। लोगों की मांग है कि वार्ड की आबादी के हिसाब से सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाए और नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

तालाब में मिल रहा गंदा पानी, वाहन चोरी से भी दहशत



शो पीस बना हैंडपंप।





तालाब के आसपास अवैध निर्माण



वार्ड के तालाब की स्थिति भी चिंता का विषय बनी हुई है। तालाब के किनारों पर झाड़ियां उग आई हैं और आसपास सफाई का अभाव है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई घरों से निकलने वाला गंदा पानी भी तालाब में पहुंच रहा है। तालाब के आसपास कुछ लोगों द्वारा कथित रूप से अवैध निर्माण किए जाने की बात भी वार्डवासियों ने कही। लोगों का कहना है कि तालाब की सफाई के साथ-साथ उसके आसपास की व्यवस्था को भी दुरुस्त करने की जरूरत है।

एक साल में तीन वाहन चोरी होने का दावा



जरवाय के लोगों ने वार्ड में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी चिंता जताई। उमाराम बंजारे, सूरज कुमार डहरिया, धनुषलाल बांधे, निलेश कुमार मधुकर के अनुसार पिछले एक साल में करीब तीन वाहन चोरी की घटनाएं हुई हैं। लोगों ने पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग की है, ताकि रात के समय असामाजिक गतिविधियों पर नजर रखी जा सके और वाहन चोरी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। वार्ड परिक्रमा के दौरान लोगों ने सड़क के गड्ढों का स्थायी संधारण, नालियों की नियमित सफाई, तालाब की सफाई और अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों की व्यवस्था की मांग की। इसके साथ ही वाहन चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग भी सामने आई।

पार्षद ने गिनाए विकास कार्य

वहीं पार्षद भूपेन्द्र वर्मा ने वार्ड में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि शीतला तालाब में 45 लाख रुपए की लागत से रिटर्निंग वॉल का निर्माण कराया गया है। इसके अलावा 20 लाख रुपए से पचरीकरण का कार्य कराया गया है। उन्होंने बताया कि वार्ड में ठाकुर भवन, निषाद भवन और देवांगन भवन का निर्माण कराया गया है। साथ ही शीतला मंदिर का सौंदर्यीकरण और अतिरिक्त कक्ष का निर्माण भी कराया गया है। सड़क व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 60 लाख रुपए की लागत से डामरीकरण का कार्य कराया गया है। पार्षद के अनुसार, उमदा चौक से जरवाय पुलिया तक सड़क संधारण के लिए 1 करोड़ 5 लाख रुपए का वर्क ऑर्डर जारी हो चुका है। पितृ पक्ष की समाप्ति के बाद सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण पूरा होने के बाद इस मार्ग से आवागमन करने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी।

अनुदान प्राप्त कॉलेजों के रिटायर्ड प्रोफेसरों की पेंशन बंद



सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्टोरेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कलेक्टोरेट पहुंचकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कहा गया कि छत्तीसगढ़ शासन के आदेश दिनांक 12 अक्टूबर 2010 के अनुसार अनुदान प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों के सेवानिवृत्त प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को ग्रेच्युटी एवं पेंशन दी जा रही थी, जिसे उच्च शिक्षा विभाग ने अपने आदेश दिनांक 01 सितंबर 2026 एवं 9 सितंबर 2026 से निरस्त कर दिया है। जिसके कारण जुलाई-अगस्त 2026 की पेंशन भी नहीं मिली है।

जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि सरकार के इस दमनकारी आदेश से बुजुर्ग प्राध्यापकों व कर्मचारियों की दवा-रोटी छिन गई है। मंत्री-परिषद् ने 2010 के आदेश को निरस्त करने का कोई निर्णय नहीं लिया था, फिर भी विभाग ने मनमाने तरीके से पेंशन बंद कर दी, जो लोकहित के खिलाफ है। कांग्रेस पार्टी ने मांग की है कि उक्त दोनों आदेशों को तत्काल रद्द कर पूर्ववत पेंशन/ग्रेच्युटी बहाल की जाए और रोकी गई पेंशन का तुरंत भुगतान किया जाए। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष अलताफ अहमद, ब्लॉक प्रभारी संजय बत्रा, परमजीत सिंह भुई, पूर्व पार्षद अशोक मेहरा, राजकुमार वर्मा मंडल अध्यक्ष, दुर्ग इंटक के अध्यक्ष प्रकाश शिवणकर, जिला महामंत्री राहुल शर्मा, शत्रुघ्न चक्रधारी, भूपेंद्र सेन, अब्दुल वहिद चौहान, गणेश सोनी, ईश्वर साहू, अली असगर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 30 अक्टूबर तक

दुर्ग। छत्तीसगढ़ राज्य के मेधावी एवं निम्न आय वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च व्यावसायिक शिक्षा के लिए प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना शिक्षण सत्र 2026-27 हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। स योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित संस्थानों आईआईटी, एम्स, आईआईएम, एनएलयू, एमबीबीएस, एनआईआईटी, आईआईआईटी आदि में प्रवेश प्राप्त कर अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को तात्कालिक वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

भजन से अंतःकरण में होता है ज्ञान का प्रकाश : स्वामी रामललाचार्य



भिलाई। श्री हनुमान मंदिर सनातन धर्म ट्रस्ट, सेक्टर-2, भिलाई में प्रधान न्यासी आईपी मिश्रा द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिवस श्री मानसपीठ खजुरीताल मैहर से पधारे मानसपीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामललाचार्य महाराज ने श्रद्धालुओं को भक्ति, अध्यात्म और निरहंकारिता का संदेश दिया।

कथा के तीसरे दिवस महाराज ने कहा कि भजन ऐसा मार्ग है, जिसके माध्यम से मनुष्य के अंतःकरण में ज्ञान का प्रकाश प्रकट होता है। भगवान के नाम का जप करने के लिए किसी विशेष दिशा या परिस्थिति की प्रतीक्षा नहीं करनी चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को निरंतर भगवान के नाम का स्मरण करते हुए अध्यात्म की ओर अग्रसर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब मनुष्य भक्ति और अध्यात्म के मार्ग पर आगे बढ़ता है तो आने वाले समय में उसे आत्मतत्व का ज्ञान प्राप्त होता है। भगवान का नाम मनुष्य के भीतर की अज्ञानता को दूर कर उसे सत्य के प्रकाश की ओर ले जाता है। पूज्य महाराज ने अहंकार से बचने का संदेश देते हुए कहा कि अहंकार जब जीवन में प्रवेश कर जाता है, तब मनुष्य के पतन का मार्ग प्रशस्त होने लगता है। इसलिए सदैव निरहंकारी बनकर रहना चाहिए। विनम्रता, भक्ति और भगवान के प्रति समर्पण ही मनुष्य के जीवन को सार्थक बनाने वाले गुण हैं। महाराज की अमृतमयी वाणी से कथा पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। बड़ी संख्या में भक्तों ने श्रद्धापूर्वक श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर भक्ति एवं अध्यात्म का संदेश प्राप्त किया। कथा के पश्चात समस्त श्रद्धालुओं के लिए आयोजक मंडल द्वारा नित्य भंडारे एवं महाप्रसाद की व्यवस्था की गई। कथा श्रवण के उपरांत भक्तों ने श्रद्धापूर्वक महाप्रसाद ग्रहण किया।

मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ सर्वदलीय पैदल मार्च आज, सपा भी प्रदर्शन में होगी शामिल



दुर्ग। देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्षी दलों द्वारा 6 अक्टूबर को आयोजित किये जा रहे पैदल मार्च में शहर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। इस आशय की जानकारी समाजवादी पार्टी के शहर अध्यक्ष शेख रज्जाक ने दी। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर विपक्ष में भारी नाराजगी है और इसी के विरोध में सर्वदल के बैनर तले यह पैदल मार्च निकाला जा रहा है।शेख रज्जाक ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को तत्काल पद से हटाया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग निष्पक्ष रूप से काम नहीं कर रहा है। समाजवादी पार्टी इस मार्च का पूर्ण समर्थन करती है और पार्टी के सभी नेतागण इसमें सक्रिय रूप से भाग लेंगे।

लोगों ने किया रक्तदान, निःशुल्क स्वास्थ्य व नेत्र जांच शिविर में हुए लाभांवित

भिलाई। एचएमजीएम मोदी ग्रुप द्वारा लोकश पाण्डेय के नेतृत्व में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वार्ड 18, राम नगर स्थित शिव मंदिर, कॉन्ट्रेक्टर कॉलोनी भिलाई में रक्तदान और निःशुल्क स्वास्थ्य व नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में वार्ड 18 और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता की। इस दौरान नागरिकों ने रक्तदान कर सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया, वहीं उपस्थित लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच की सुविधा का लाभ उठाया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ जरूरतमंदों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना रहा। शिविर के माध्यम से लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान के महत्व के प्रति भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में दीपक भोड़कर, भोजराज सिन्हा, प्रभुनाथ मिश्रा, शंकर लाल देवांगन, मोहन राव सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। आयोजन को सफल बनाने में राजेश प्रसाद, विनय टंडन, अक्षय सिंह, सुमित शर्मा, प्रवीण सिंह, अनूप पाण्डेय, आमिर, अंकित मिश्रा, मुकेश जोशी, समीर वर्मा, रौशन मराठा, राहुल मांडवी, गौरव पाण्डेय, हर्ष पाण्डेय, शेखर मिश्रा, नितेश त्रिपाठी, अभिषेक पाण्डेय, लक्की सोनी एवं शेखर यादव सहित पूरी टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई।



स्कूल शिक्षा मंत्री के निर्देश पर लोक सेवा गारंटी में किया गया शामिल

शैक्षणिक दस्तावेज के लिए पालकों को नहीं होना पड़ेगा परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

विद्यार्थियों और अभिभावकों को शैक्षणिक दस्तावेजों से जुड़े कार्यों के लिए अनावश्यक परेशानी न हो और उन्हें अपने जरूरी दस्तावेज समय पर मिल सकें, इसे लेकर स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने पहल की है। मंत्री के निर्देश के बाद छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण सेवाओं को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समयबद्ध किए जाने की व्यवस्था की गई है। इससे विद्यार्थियों को अपने जरूरी शैक्षणिक दस्तावेज प्राप्त करने के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने की समस्या से राहत मिलेगी।

■ तय समय-सीमा में होंगे विद्यार्थियों के काम



मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने ही दस्तावेजों के लिए परेशान होना पड़े, यह स्थिति स्वीकार्य नहीं है। परीक्षा परिणाम के बाद विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक दिन महत्वपूर्ण होता है। उच्च शिक्षा में प्रवेश, छात्रवृत्ति, प्रतियोगी परीक्षाओं और अन्य शैक्षणिक कार्यों के लिए समय पर दस्तावेज उपलब्ध होना जरूरी है। ऐसे में विद्यार्थियों को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध व्यवस्था उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।मंत्री श्री यादव ने कहा कि हमारी कोशिश है कि विद्यार्थी पढ़ाई और अपने भविष्य पर ध्यान दें, उन्हें सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने में अपना समय और ऊर्जा खर्च न करनी पड़े। लोक सेवा गारंटी के माध्यम से सेवाओं को समय-सीमा से जोड़ने का उद्देश्य यही है कि विद्यार्थियों को उनके जरूरी कार्यों के लिए स्पष्ट व्यवस्था मिले और अनावश्यक विलंब की स्थिति न बने। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार शिक्षा व्यवस्था को विद्यार्थी केंद्रित बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। स्कूल शिक्षा विभाग का प्रयास है कि विद्यार्थियों को स्कूल से लेकर परीक्षा और उच्च शिक्षा तक हर स्तर पर सुविधाजनक एवं पारदर्शी व्यवस्था मिले। इसी क्रम में माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबंधित सेवाओं को समयबद्ध किए जाने से विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बड़ी राहत मिलेगी। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विद्यार्थियों से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ काम किया जाए और निर्धारित समय-सीमा का पालन सुनिश्चित किया जाए। सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है कि किसी विद्यार्थी को केवल दस्तावेज प्राप्त करने या परीक्षा संबंधी प्रक्रिया के लिए अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

60 दिन की समय सीमा निर्धारित

नई व्यवस्था के तहत विद्यार्थियों को डुप्लीकेट माइग्रेशन प्रमाण-पत्र, डुप्लीकेट अंकसूची, उत्तरपुस्तिका की पुनर्गणना एवं पुनर्मूल्यांकन तथा उत्तर पुस्तिका की फोटोकॉपी जैसी सेवाएं निर्धारित प्रक्रिया और समय-सीमा के भीतर उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। दस्तावेज के अनुसार इन सेवाओं के लिए निर्धारित समय-सीमा भी तय की गई है। डुप्लीकेट माइग्रेशन प्रमाण-पत्र और डुप्लीकेट अंकसूची के लिए 60 दिवस की समय-सीमा निर्धारित है। वहीं उत्तर पुस्तिका की पुनर्गणना, पुनर्मूल्यांकन और फोटोकॉपी से संबंधित सेवाओं के लिए भी निर्धारित प्रक्रिया के बाद 60 दिवस की समय-सीमा रखी गई है।

खबर संक्षेप



जामुल में राज झेरिया धोबी समाज का चुनाव 1 को

दुर्ग। राज झेरिया धोबी समाज का बैठक संस्कृति भवन रावण भाटा जामुल में आयोजित की गई। इसमें जामुल नगर का चुनाव कराने का निर्णय लिया गया। 1 नवंबर को जामुल नगर का चुनाव होना तय किया गया। बैठक में अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई, जिसमें समाज को एकता के सूत्र में बांधा जाए। इसी प्रकार जिला का बैलाज नियमावली बनने पर चर्चा की गई, जिसे सर्वसम्मति से सभी प्रक्षेत्र के पदाधिकारी के द्वारा निर्णय लेकर धमधा राज पाटन राज दुर्ग राज सहित सभी पदाधिकारी के द्वारा निर्णय किया जाएगा। 1 नवंबर को अंतिम निर्णय या बायलाज का प्रकाशन किया जाना तय किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष विष्णु निर्मलकर, जीवन निर्मलकर, आगराहीत निर्मलकर, मोहन निर्मलकर, भागीरथी निर्मलकर, दीनानाथ निर्मलकर, योगेश्वर निर्मलकर, प्रेमलाल निर्मलकर सहित आदि मौजूद थे।

स्वामी आत्मानंद जयंती समारोह आज

पाटन। छत्तीसगढ़ प्रांतीय मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज के तत्वावधान में 6 अक्टूबर को कुर्मी भवन पाटन में स्वामी आत्मानंद जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। सुबह 11 बजे आत्मानंद चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद मंचीय कार्यक्रम होगा। राजमंत्री केदार कश्यप ने बताया कि मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष सीताराम वर्मा एवं अध्यक्षता राजप्रधान युगल किशोर आडिल करेंगे। इस अवसर पर कुर्मी समाज पाटन राज की ग्राम इकाइयों के ग्राम प्रमुखों का सम्मान किया जाएगा तथा अरुण कश्यप एवं साथियों द्वारा भजन प्रस्तुति दी जाएगी।

विशाल रक्तदान शिविर 18 अक्टूबर को

पाटन। नवहिंद दुर्गोत्सव समिति द्वारा आगामी 18 अक्टूबर रविवार को दोपहर 1:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक पाटन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। समिति ने एक बूंद खून किसी की जिंदगी बचा सकती है के संदेश के साथ क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की है। पंजीयन हेतु वासु देवांगन एवं गोपीचंद देवांगन से संपर्क किया जा सकता है।


'आभार और संकल्प की रंगोली' का किया आयोजन

बोरी। शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं सेवा संकल्प अभियान के तहत 29 सितंबर को बोरी तहसील कार्यालय में ₹घर-घर से राष्ट्र तक आभार और संकल्प की रंगोली₹ कार्यक्रम आयोजित किया गया। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार और प्राचार्य डॉ. कमर तलत के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व प्रभारी डॉ. संगीता देवी शर्मा एवं एनएसएस प्रभारी भागवत ने किया। विद्यार्थियों ने आकर्षक रंगोलियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, सामाजिक एकता और 'विकसित भारत @2047' के संकल्प को प्रदर्शित किया।

निधन

पांडुरंग बिजवे

भिलाई। मॉडल टाउन निवासी पांडुरंग बिजवे (85 वर्ष) का रविवार को निधन हो गया। अंतिम यात्रा उनके निवास से मंगलवार 6 अक्टूबर को सुबह 10 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। वे बीएसपी कर्मी प्रवीण बिजवे के पिता थे।



ढालसिह लाल सिंह वर्मा

भिलाई। सुभाष चौक भिलाई-3, वार्ड 9 निवासी छत्तीसगढ़ शासन विद्युत मंडल लाइनमैन सेवानृत्य कर्मचारी 73 वर्षीय ढालसिह लाल सिंह वर्मा का निधन हो गया। वे मनीष, हरीश, सतीश, उमेश के पिता थे।



जमीन कब्जे और रास्ते को बंद किए जाने के विवाद ने पकड़ा तूल

जोरा तालाब मार्ग पर कथित कब्जे को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

जोरा तालाब मार्ग पर कथित जमीन कब्जे और रास्ते को बंद किए जाने के विवाद ने तूल पकड़ लिया है। इस मामले को लेकर किसानों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने बाजार चौक गांधी चौरा के पास एक बैठक बुलाई। बैठक में तीखी नोकझोंक और गर्मागर्मी देखने को मिली, जहाँ सभी ने खुलकर अपना-अपना पक्ष रखा।

नगरवासियों का आरोप है कि जोरा तालाब मार्ग पर अवैध रूप से बाउंड्रीवॉल का निर्माण किया जा रहा है, जिससे किसानों का खेतों में आना-जाना और आम लोगों का तालाब तक पहुंचना मुश्किल हो जाएगा। नगरवासियों का कहना है कि यह सार्वजनिक रास्ता है, जिसे बंद किया जा रहा है। दूसरी ओर, बाउंड्रीवॉल का निर्माण करवा रहे व्यक्ति का दावा है कि यह जमीन उनकी निजी है और वे अपनी संपत्ति की सुरक्षा के लिए दीवार बनवा रहे हैं।

विवाद की एक मुख्य वजह रास्ते का अधूरा निर्माण भी सामने आया है। जोरा तालाब तक पहुंचने के लिए इसी साल सीसी रोड का निर्माण किया गया था, लेकिन यह सड़क तालाब तक पूरी नहीं पहुंचती। बीच में ही काम रोकने की वजह यह बताई जा रही है कि तालाब से ठीक पहले निजी जमीन है और सरकारी धरसा (रास्ता) सीधे तालाब तक नहीं पहुंच पा रहा है। वहीं, ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि जब सरकारी मार्ग तय है, तो वह तालाब के मुहाने तक क्यों नहीं पहुंच रहा है और सिर्फ आधा मार्ग ही सरकारी कैसे हो सकता है?

स्थानीय किसान बाबला यादव एवं संतोष सोनकर ने कहा कि राकेश पाण्डेय द्वारा सड़क को घेरकर रास्ता बंद किया जा रहा है, सरकार द्वारा बनाई जा रही सड़क में बाधा उत्पन्न की जा रही है। तालाब जाने के लिए वहाँ शुरू से ही रास्ता है, लेकिन सड़क निर्माण कार्य को भी रोक दिया गया है। साथ ही अवैध रूप से दीवार खड़ा किया जा रहा है, जिससे आने-जाने वालों को तकलीफों का सामना करना पड़ेगा। नाली के पानी को डाइवर्ट कर दिया गया है। इस पर भी कार्यवाही होनी चाहिए। इस बारे में पालिकाध्यक्ष भी टालमटोल करती नजर आ रही हैं। हम पिछले लगभग 6 महीनों से इस समस्या से जूझ रहे हैं। हमारी मुख्य मांग यह है कि इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाए, जो दीवार अवैध रूप से खड़ी की जा रही है उसे तोड़ा जाए तथा सड़क का निर्माण कार्य पूरा तालाब तक किया जाए।

वहीं नगर पालिका के उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत ने कहा कि इस बात को लेकर गांव में बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें अध्यक्ष भी उपस्थित थीं। यह उनके अधिकार में है कि वह अपने क्षेत्र में हो रहे अवैध कब्जे को तोड़े। ग्रामवासियों ने अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि यदि तीन दिन के भीतर नोटिस नहीं दिया गया या अतिक्रमण नहीं तुड़वाया गया तो आगामी रविवार को हम सब फिर से एकत्रित होकर सामूहिक कार्रवाई करेंगे और आवश्यकता पड़ी तो उच्च स्तर पर लड़ाई लड़ेंगे। मुझे लगता है कि अंततः ग्रामवासियों को ही मिलकर यह अतिक्रमण हटाना पड़ेगा। हम एसडीएम और कलेक्टर के पास स्टे के लिए आवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। ताकि यह स्पष्ट हो सके कि रिकॉर्ड में दर्ज रकबे की तुलना में नक्शे के अनुसार क्षेत्रफल कितना अधिक है और किस प्रकार कब्जा किया गया है।

पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने कहा कि हमारे पुरखों और सियानों के बनाए मार्ग पर छेड़छाड़ बर्दाश्त नही किया जाएगा। वर्षों से 3 किसानों की आवाजाही का मार्ग है।

तत्काल जांच करवाने की मांग की





यह जमीन बहुत पुरानी खरीदी हुई : राकेश पाण्डेय

इन सब विवादों के बीच राकेश पाण्डेय ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि हमारी यह जमीन बहुत पुरानी खरीदी हुई है। हमने सन 2014 में इसका सीमांकन कराया था। उसी सीमांकन के आधार पर हम अपनी बाउंड्री करवा रहे हैं। इसी साल जनवरी-फरवरी 2026 में आर आई और पटवारी द्वारा तथा कांग्रेस के पार्षदों की मौजूदगी में वहां सीमांकन किया गया था और आधा रोड बनाकर आधा सीमांकन बाद में करने को कहा गया था। वहां बीच में हमारा पहले से सीमेंट पोल और जाली का बाउंड्री था, जिसे तोड़ दिया गया था। इसकी जानकारी पालिका सीएमओ नेतराम चंद्राकर को है। बार-बार पोल तोड़ दिए जाने के कारण अब मैं पक्की बाउंड्री करवा रहा हूँ। मैं अपने नक्शे के आधार पर ही बाउंड्री करवा रहा हूँ। यदि किसी को आपत्ति है, तो वे राजस्व अधिकारी, पटवारी, आरआई या तहसीलदार को बुलाकर इसकी जाँच करा लें।

विचार-विमर्श करें और आपसी सहमति से समस्या का निदान करें

नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि हमारे कुम्हारी बस्ती स्थित जोरा तालाब के पास सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। इस सड़क निर्माण की प्रक्रिया में कुछ किसानों की निजी जमीन भी आ रही है, जिसके कारण कार्य में थोड़ी बाधा उत्पन्न हो रही है। इसी संदर्भ में, अपनी समस्याओं को लेकर किसान भाई वहाँ एकत्र हुए थे और उन्होंने मुझे भी आमंत्रित किया था, जिस पर मैं वहां गई थी। मैंने किसानों को यह आश्वासन दिया है कि सभी किसान और निजी जमीन वाले लोग एक साथ बैठकर चर्चा करें और इसका उचित निष्कर्ष निकालें, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान हो सके। नगरपालिका अध्यक्ष होने के नाते मैं चाहती हूँ कि हम सब एक साथ बैठकर इस विषय पर विचार-विमर्श करें और आपसी सहमति से इस समस्या का निदान करें। यदि आपसी बैठक से इस समस्या का समाधान नहीं निकलता है, तो हम राजस्व विभाग की सहायता लेंगे। हम पटवारी, आरआई, तहसीलदार, एसडीएम और आवश्यकता पड़ने पर कलेक्टर को भी आमंत्रित कर विधिवत सीमांकन करवाएंगे, ताकि प्रत्येक व्यक्ति को उसकी जमीन की सही स्थिति स्पष्ट हो सके। सीमांकन करवाना राजस्व विभाग, एसडीएम और तहसीलदार का कार्य है, और वे आकर इसकी पूरी प्रक्रिया करेंगे। इसके अलावा, नाली का गंदा पानी तालाब में जाने की जो समस्या है, वह अभी अस्थायी रूप से हो रही है और कभी-कभी स्थिति बिगड़ जाती है।



स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ग्रामीणों ने की साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नंदिनी अहिवारा

- ग्रामीणों को अपने घर व गांव को स्वच्छ रखने किया प्रेरित

'स्वच्छता ही सेवा 2026' अभियान के अंतर्गत 01 अक्टूबर 2026 को जनपद पंचायत धमधा के ग्राम पंचायत पथरिया में 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' श्रमदान अभियान का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। अभियान के तहत ग्रामीणों ने एकजुट होकर गांव के बाजार, तालाब, स्कूल परिसर, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन एवं मंदिर परिसर सहित संपूर्ण ग्राम में व्यापक साफ-सफाई की तथा स्वच्छता को अपनी जिम्मेदारी बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धमधा जनपद पंचायत के अध्यक्ष लिमन साहू तथा जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित रहे।

नुक्कड़ बैठकों का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



नगर निगम क्षेत्र के विकास एवं युवाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर युवा साथियों द्वारा विभिन्न वार्डों में नुक्कड़ बैठक अभियान चलाया जाएगा। जिसकी शुरुआत कल शांति नगर और बाजार वार्ड से प्रारंभ की गई बैठकों के माध्यम से क्षेत्र में अब तक हुए विकास कार्यों, युवाओं के हित में किए गए कार्यों तथा भविष्य की आवश्यकताओं पर आम नागरिकों और युवाओं से सीधा संवाद किया जाएगा। इस दौरान नगर निगम की कार्यप्रणाली एवं विकास कार्यों को लेकर जनता की राय और सुझाव लिए जाएंगे तथा स्थानीय समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सामने लाने का प्रयास किया जाएगा। अभियान के तहत नए युवा मतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने के साथ "मेरा बूथ, मेरा वार्ड शत-प्रतिशत मतदान" का संकल्प दिलाया जाएगा। युवाओं से स्वयं मतदान करने के साथ बुजुर्गों को मतदान के लिए प्रेरित करने और बाहर रहने वाले मतदाताओं से संपर्क कर मतदान के लिए जागरूक करने की अपील की जाएगी। युवा संवाद, जनभागीदारी और शत-प्रतिशत मतदान के संकल्प के साथ यह अभियान विभिन्न वार्डों में जारी रहेगा। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उदय भास्कर, तेजस पाल, महेंद्र, महेश, आशीष, रोशन गुरवीन भाटिया, डे साहब साहू, दीपराज, शिवा, अभिषेक वह क्षेत्र के युवाओं ने हिस्सा लिया।

बिजनेस साइट

ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट उपलब्ध



दुर्ग। दुर्ग के इंदिरा मार्केट स्थित शॉप नंबर 64 b प्रिया सिंगर सदन के सामने ओम ज्वैलर्स की अनगिनत डिजाइन लोगों को खूब आकर्षित कर रही हैं। संचालक श्री सोनी ने बताया कि उनहोंने अपने यहां मासिक ई योजना चालू की है। इसमें 1000 से लेकर आपके बजट तक हर महीना का किस्त जमा कर सकते हैं। 12 महीने की रेगुलर किस्त जमा होने पर आपको एक महीने की किस्त ज्वेलर्स के द्वारा दी जाती है। सोनी ने बताया कि उनके यहां घर पहुंच सेवा भी उपलब्ध है। ग्राहक अपनी पसंद की डिजाइन को खरीद कर पेमेंट घर से भी दे सकता है। इसके अलावा टोटल ऑनलाइन, चेक, एटीएम, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट किया जाता है। पुराने गहने को बिना वजन घटे नया बनाने का काम भी ओम ज्वेलर्स करता है। ज्वेलरी रिपेयरिंग की तत्काल सुविधा उपलब्ध है। आगे दिवाली, त्यौहार सीजन को देखते हुए नई-नई डिजाइनों की विस्तार रेंज उपलब्ध है। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि हमारे यहां टोटल 916 (22 कैरेट)833 (20कैरेट)एवं 750(18कैरेट) के हॉलमार्क गहने उपलब्ध हैं। उन्हें यहां पूरे शहर से कम दाम पर ज्वेलरी उपलब्ध है। 0% चांदी की मेकिंग चार्ज एवं सोने पर जितना सोना उतना चांदी फ्री एवं न्यूनतम मजदूरी दर के साथ ग्राहकों को उपलब्ध है। शादी के गहने की खरीदी पर दूल्हा एवं दुल्हन को स्पेशल टूरिस्ट बैग, इंपोर्टेंट वॉच, जितना सोना उतनी चांदी फ्री दी जाती है।

एसबी बाय एटी ज्वेलर्स लाया है बैंगल एंड चेन महामेला

भिलाई। त्योहारी सीजन की रौनक अब और भी खास होने वाली है। नेहरू नगर वेस्ट भिलाई स्थित एसबी बाय एटी ज्वेलर्स अपने ग्राहकों के लिए लेकर आया है विशेष बैंगल एंड चेन महामेला। जहां एक तरफ नवरात्रि, दशहरा और दीपावली जैसे शुभ त्योहार आ रहे हैं, वहीं इस महामेले में आपको मिलेगी सोने की चूड़ियों और चेन्स की सबसे लेटेस्ट और ट्रेंडी डिजाइनों की विशाल रेंज, वो भी एक ही छत के नीचे। महामेले का सबसे बड़ा आकर्षण 1 से 10 अक्टूबर तक चलने वाले इस महामेले में चुनिंदा गोल्ड बैंगल और चेन पर मेकिंग चार्ज सिर्फ 3.5% से शुरू। एसबी बाय एटी ज्वेलर्स के संचालक शांतीलाल बरडिया ने कहा कि त्योहारों पर सोना खरीदना सिर्फ आभूषण नहीं, बल्कि खुशहाली और समृद्धि लाता है। हमारा हमेशा से प्रयास रहा है कि ग्राहकों को 100% शुद्धता, विश्वसनीयता और खरा सोना उचित दाम पर मिले। यह मेला हमारे ग्राहकों के त्योहार को और यादगार बनाने की एक छोटी सी कोशिश है।



बच्चों ने सीखी चित्रकला की बारीकियां



पाटन। शासकीय प्राथमिक शाला चंगोरी में प्रधानपाठक वीरेंद्र कुमार साहू की अभिनव पहल 'प्रवाह ज्ञान संगम – बच्चों का समग्र विकास मंच' के तहत चित्रकला एवं पेंटर कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला में स्थानीय चित्रकार महेश आडिल एवं विजय निर्मलकर ने बच्चों को रंगों के संयोजन, रेखांकन और स्केचिंग की बारीकियों से अवगत कराया। इस दौरान चित्रकारों ने कबाड़ सामग्रियों का पुनर्चक्रण कर उन पर सुंदर सुविचार लिखा।

अंचल की खबरें

केंद्रीय विद्यालय में 'स्वच्छता ज्ञान यात्रा' का आयोजन



उतई। केंद्रीय विद्यालय सी.आई.एस.एफ. उतई भिलाई में भारतीय मानक ब्यूरो के अंतर्गत 'स्वच्छता ज्ञान यात्रा' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा ₹स्वच्छता ज्ञान यात्रा₹ नाटक का प्रभावी मंचन किया गया। मानक क्लबों के माध्यम से युवाओं को ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन, जल संचय, वर्षा जल संचयन और पुराने कपड़ों, पुस्तकों व खिलौनों के पुनः उपयोग व पुनर्चक्रण के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि रूना चौधरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रतिदिन अपनाई जाने वाली जीवनशैली है। उन्होंने जल संरक्षण और अपशिष्ट प्रबंधन को जिम्मेदार नागरिक की पहचान बताया। उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार शर्मा ने किया। इस दौरान सोमा शील गुहा, सृजन, ए.बी. सिंह, निधि केरकेट्टा, उमेश कुमार संत, माधुरी, श्री आशीष, आंचल सिंह, आंचल कन्नौजे, नमिता, सुश्री दीप्ति, सीमा विश्वकर्मा, रितु कुम्भकार, राजन शर्मा एवं किरण ममता उपस्थित थे। समारोह का समापन 'वंदे मातरम्' और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

पोषण मटका प्रदर्शनी से दिया स्वास्थ्य का संदेश



उतई। ग्राम मचांदुर में 'आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम' का गरिमामय आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार पांडे, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अजय कुमार साहू एवं परियोजना अधिकारी उषा झा के मार्गदर्शन में सेक्टर उतई के ग्राम मचांदुर स्थित पटेल सामुदायिक भवन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर उपस्थित रहीं। विशेष अतिथि के रूप में सरपंच युगल किशोर गजपाल, प्रवीण यदु, फलेंद्र सिंह राजपूत, विमला कामड़े (अध्यक्ष महिला मोर्चा उतई), वरिष्ठ समाजसेवी दयालु राम, खूबचंद वर्मा तथा पंच शैल देवांगन, चितेश्वरी साहू और सीता निषाद शामिल हुए। पर्यवेक्षक प्रमिला वर्मा ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सुकन्या समृद्धि योजना तथा बाल संदर्भ शिविरों की जानकारी दी। साथ ही कुपोषण और एनीमिया के लक्षणों व बचाव पर परिचर्चा की गई। कार्यक्रम में 3 गर्भवती माताओं—विशा यदु, नूतन और लिलेश्वरी यादव की गोद भराई की गई तथा 3 बच्चों—लोशिका, वान्या यदु और तनिष्क का अन्नप्राशन कराया गया।

मातृ वंदना योजना की दी जानकारी

उतई। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत खोपली के आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगन मिलन समारोह का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से जनपद सदस्य श्रीमती बिंदु देशलहरे, सरपंच मंजू फत्तेलाल वर्मा, उतई महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती विमला कामड़े, युवा मोर्चा महामंत्री राकेश देवांगन, सचिव पुराणिक साहू, सहित पंचगण शुभम वर्मा, योगेंद्र साहू, सुरेश यादव, अरुण चंद्राकर, रंजना वर्मा, सुलोचना, कल्याणी चंद्राकर, कुमारी भारती, गोदावरी देशलहरे सहित अधिक संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता धरम बाई चंदेल, मधुलता काकड़े, दीपक चंद्राकर, फुलेश्वरी पाटिल, सुनीति साहू एवं सहायिका श्यामाबाई कोशरे, गंगा बाई, अमेरिका वर्मा, गंगा बाई भारती, चांदनी गायकवाड़ सहित बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया।

खपरी सिलोदा में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम



अंडा। महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में सेक्टर रसमड़ा के खपरी सिलोदा में संकल्प सेवा अभियान अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सरपंच अनसुईया साहू एवं उपसरपंच दिनेश यादव की उपस्थिति में महतारी वंदन योजना की जानकारी दी गई। इस दौरान गोद भराई, अन्नप्राशन, रंगोली व कुर्सी दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। साथ ही रेडी-टू-ईट व्यंजनों का प्रदर्शन कर कुपोषण मुक्त बच्चों की माताओं व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।



डिंपल्स

कॉस्मेटिक सर्जरी द्वारा गालों में स्थायी डिंपल्स
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

जान जोखिम में डालकर स्ट्रीट लाइट चालू-बंद कर रहे हैं वार्डवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

पंचशील नगर पश्चिम में सड़क की बिजली व्यवस्था बदहाल, शिकायत के बाद भी नहीं हुआ समाधान

नगर निगम भिलाई-चरोदा के वार्ड क्रमांक 20 पंचशील नगर पश्चिम में पिछले साल भर से स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को लेकर लोग परेशान हैं। सड़क बत्तियों के ऑटोमैटिक संचालन के लिए लगाए गए टाइमर लंबे समय से खराब पड़े हैं। इसके कारण स्थानीय लोगों को रोज शाम स्ट्रीट लाइट चालू करने और सुबह बंद करने की जिम्मेदारी खुद उठानी पड़ रही है। वहीं सड़क बत्ती के स्विचिंग यूनिट की ग्रिप किसी के द्वारा निकालकर ले जाने से लोगों को बिजली चालू-बंद करने के लिए जोखिम उठाना पड़ रहा है।

पार्षद अपर्णा सुब्रतो दासगुप्ता ने बताया कि पंचशील नगर पश्चिम वार्ड क्रमांक 20 में पिछले करीब एक वर्ष से सड़क बत्ती का टाइमर काम नहीं कर रहा है। जीई रोड और ओम नर्मदेश्वर शिव मंदिर के सामने स्थित दो स्थानों पर टाइमर लगाए गए हैं, लेकिन इनके खराब होने के कारण सड़क बत्तियों को मैनुअल तरीके से चालू और बंद करना पड़ रहा है। पार्षद के अनुसार पिछले दिनों काली मंदिर रोड और उसके आसपास की सड़क बत्तियां करीब पांच दिन तक बंद रहीं। जांच करने पर पता चला कि स्विचिंग यूनिट की ग्रिप किसी ने निकाल ली है। इसके बाद समस्या के अस्थायी समाधान के लिए एल्युमीनियम वायर के जरिए सड़क बत्ती चालू की गई, लेकिन यह व्यवस्था भी ज्यादा दिन नहीं चल सकी। अगले ही दिन फिर सड़क बत्ती बंद होने की सूचना मिली। इसके बाद श्री शिव शक्ति सेवा समिति के सदस्य मौके पर पहुंचे और व्यवस्था की जांच की। बताया गया कि एल्युमीनियम वायर भी किसी ने निकाल दिया। नगर निगम में कई बार इसकी शिकायत की गई लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया।

रोज श्रमदान कर रहे स्थानीय लोग

सड़क बत्ती व्यवस्था को चालू रखने के लिए स्थानीय लोग लगातार श्रमदान कर रहे हैं। पार्षद के अनुसार प्रभुनाथ शर्मा, बीआर पटेल और कुंवर लाल बारले सहित अन्य लोग रोजाना सड़क बत्ती को शाम में चालू और सुबह बंद करने में सहयोग कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्ट्रीट लाइट का काम निगम की व्यवस्था के तहत होना चाहिए, लेकिन लंबे समय से तकनीकी खराबी दूर नहीं होने के कारण नागरिकों को खुद यह जिम्मेदारी निभानी पड़ रही है।



अस्थायी जुगाड़ से बढ़ा खतरा

टाइमर खराब होने और स्विचिंग यूनिट की ग्रिप गायब होने के बाद एल्युमीनियम वायर से बिजली चालू करने जैसी अस्थायी व्यवस्था की गई। इससे बिजली के खुले हिस्सों में हाथ लगाने का खतरा बना हुआ है। लोगों का कहना है कि सड़क बत्ती चालू-बंद करने के लिए इस तरह बिजली के उपकरणों से छेड़छाड़ करना सुरक्षित नहीं है। वार्डवासियों ने नगर निगम से मांग की है कि खराब टाइमर को तत्काल बदला जाए, स्विचिंग यूनिट को सुरक्षित किया जाए और सड़क बत्ती संचालन की स्थायी व्यवस्था की जाए।

छावनी, भिलाई नगर, नेवई की कार्रवाई

साइबर ठगी में कमीशन का खेल 14 म्यूल खाता धारक गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

तकनीकी साक्ष्य के आधार पर 2000-15 हजार रुपए तक कमीशन

साइबर ठगी और कमीशन के खेल से जुड़े वित्तीय नेटवर्क पर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने 14 म्यूल खाता धारको और एजेंट पर शिकंजा कसने का प्रयास किया है। साइबर ठगी की रकम के लेन-देन, हस्तांतरण के लिए बैंक खाते उपलब्ध कराने वालो का पहले लिस्ट तैयार किया। उसके बाद कार्रवाई किया है।

एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि बैंक खातों के विश्लेषण, तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर खातों में लाखों रुपये से अधिक के संदिग्ध लेन-देन सामने आई। 2,000 से 15,000 तक के कमीशन के लालच में बैंक खाते, एटीएम कार्ड, पासबुक, चेकबुक, सिम कार्ड उपलब्ध कराए जाते थे।

इस दौरान थाना छावनी, नेवई, भिलाई नगर पुलिस, एसीसीयू की संयुक्त कार्रवाई में दबिश दी गई। जिसमें एचएसीएल कॉलोनी, शिवपारा, स्टेशन मरोदा, नेवई निवासी चिरंजीवी कुमार, कृष्णा टॉकीज रोड, शक्ति विहार, नेवई शिखर चौधरी, ग्राम रिसामा, अंडा इन्द्र प्रकाश गुप्ता, शंकर नगर, मोहन नगर सागर तेलगोटे, वार्ड 7, चटाईशीट, अहिवारा, हाल में वार्ड 9, साईं नगर, उतई भानुप्रताप सिंह, सेक्टर-4, सड़क 27, क्वार्टर 10-ए विजेन्द्र शर्मा, पांच रास्ता, आनंद चौक, सुपेला नवीन राठौर, आर्य नगर, कोहका स्मृति नगर घनश्याम साहू, एलआईजी 2-2089, हाउसिंग बोर्ड शुभम जासवाल, अस्पताल सेक्टर, सड़क 7, ब्लॉक नंबर 3, कमरा नंबर 16 शुभम कलेत, ग्राम बेलौदी, चौकी जेवरा सिरसा खिलेन्द्र कुमार देशमुख, ग्राम बेलौदी, चौकी जेवरा सिरसा हरिओम देवांगन, कोडियाडीह, ग्राम भेडसार, चौकी नगपुरा, पुलगांव पोषण लाल देशमुख, न्यू कृष्णा नगर, सुपेला कविता खापर्डे को पकड़ा गया। इनके पास से पुलिस ने बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड, चेकबुक, मोबाइल सिम कार्ड, मोबाइल फोन, अन्य संबंधित दस्तावेज जब्त किए गए है।



साइबर ठगी से मिली लाखों रुपए की जानकारी

साइबर अपराधियों द्वारा आम नागरिकों के बैंक खातों का उपयोग साइबर ठगी से मिलने वाले राशि के लेन-देन, हस्तांतरण, छिपाने के लिए किए जाने की जानकारी मिलने पर पुलिस बैंक खातों का तकनीकी, वित्तीय विश्लेषण किया गया। जांच में पाया गया कि कुछ खाताधारकों द्वारा कमीशन प्रतिफल के लालच में अपने बैंक खाते, उनसे जुड़े पासबुक, एटीएम कार्ड, चेकबुक, सिम कार्ड अन्य व्यक्तियों को उपलब्ध कराए गए थे। जांच के दौरान मिले बैंकिंग विवरण, तकनीकी साक्ष्य,अन्य तथ्यों के आधार पर खातों में साइबर ठगी से मिले लाखों रुपये से अधिक की राशि के लेन-देन सामने आया था।

निर्माण के 4 माह में ही उखड़ी सड़क आयुक्त से जांच व कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



■ वार्ड 25 जवाहर नगर में सीसी रोड निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप

वार्ड 25 जवाहर नगर में 6 माह पूर्व बनी सड़क जर्जर हो गई। पराग सिंह यादव ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंप जांच व कार्रवाई की मांग की है।

पराग सिंह ने बताया कि जवाहर नगर के निवासी पिछले 20 सालों से सड़क निर्माण के लिए आवेदन और निवेदन जनप्रतिनिधि और नगरीय निकाय से करते आ रहे हैं। नगर पालिक निगम भिलाई ने विगत 6 माह पूर्व उक्त सड़क पर सड़क निर्माण का कार्य कराया लेकिन सड़क 4 माह में उजड़ गई। सड़क पर गिट्टी जगह-जगह फैल गई। गिट्टी उखड़ कर टायर में दबकर घरों में फेंका रही है और आस पास के घर वाले आए दिन धूल से परेशान है। सड़क बनने के बाद धूल और पत्थर की समस्या और बढ़ गई हैं। उन्होंने कार्य करने वाली एजेंसी और अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की है।

अवैध कब्जे के खिलाफ बेदखली की कार्रवाई



भिलाई। नगर निगम भिलाई द्वारा वार्ड 23 घासीदास नगर में सामुदायिक भवन और कर्मा मंदिर के पास झोपड़ी बनाकर किए गए अवैध कब्जे पर बेदखली की कार्रवाई की गई। इस संबंध में निगम प्रशासन को शिकायत प्राप्त हुई थी। निगम अधिकारियों के अनुसार संजय साव द्वारा उक्त स्थल पर अवैध निर्माण कर प्रतिबंधित सामग्री का व्यवसाय संचालित किया जा रहा है। निगम प्रशासन द्वारा पूर्व में संबंधित व्यक्ति को प्रतिबंधित सामग्री का विक्रय बंद करने तथा किए गए अवैध कब्जे को हटाने के लिए सूचना पत्र जारी किया गया था। इसके बावजूद कब्जा नहीं हटाए जाने पर निगम प्रशासन द्वारा नियमानुसार अतिक्रमण हटाने और बेदखली की कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के दौरान कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे।

खबर संक्षेप



राजहरा माइंस अस्पताल के मेडिकल कैंप में लाभान्वित हुए मरीज

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के राजहरा माइंस अस्पताल में मेगा मेडिकल कैंप संपन्न हुआ । शिविर में सेक्टर9 हास्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों व चिकित्सा कर्मियों ने सेवाएं दीं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं अस्पताल प्रमुख सीएमओ डॉ. उदय कुमार, डॉ. संबिता पंडा, सीजीएम आनंद कुमार सिंह तथा एजीएम तुषार रॉयचौधरी की टीम की सहभागिता रही। मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. सौरभ मुखर्जी, नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं नेत्र शल्य चिकित्सक डॉ. चित्रा सुनोव, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. इमैनुएल मैसी, दर्द प्रबंधन विशेषज्ञ डॉ. जयिता सरकार, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. हिमानी गुप्ता, सामान्य शल्य चिकित्सक डॉ. धीरज शर्मा, ईएनटी शल्य चिकित्सक डॉ. प्रियंका शिवप्पा तथा शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सुभस्मिता पटनायक ने मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान कीं। अस्थि रोग विभाग के डीएनबी रेजिडेंट डॉ. शुभम, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की डीएनबी रेजिडेंट डॉ. अन्नपूर्णा, नेत्र रोग विभाग के डीएनबी रेजिडेंट डॉ. ओम, ईएनटी के डीएनबी रेजिडेंट डॉ. प्रांशु, फिजियोथेरेपिस्ट श्री दिग्विजेंद्र किशोर, मेडिकल टेक्नोलॉजिस्ट कल्लोल मैती तथा सहायक प्रबंधक श्रीमती सुनीता साहू ने योग दिया। 620 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सकीय परामर्श किया गया।

रिसाली बस्ती बाजार चौक में 1.36 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने रिसाली बस्ती बाजार चौक, वार्ड 31 शहीद किरण सिंह देशमुख में 1 करोड़ 36 लाख 59 हजार रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न नवीन विकास कार्यों का विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होगा, नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और विकास को नई गति मिलेगी।

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि रिसाली बस्ती पुराना और हृदय स्थल है। इस क्षेत्र के विकास के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में रिसाली के 40 वार्डों में विकास कार्य निरंतर जारी हैं और विकास के लिए राशि की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। आने वाले नगर निगम चुनाव में भाजपा का महापौर और 40 वार्डों में भाजपा पार्षद बनने से विकास की गति दोगुनी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि वार्ड की जनता ने जो मांग रखी थी, विधायक ने उसे पूरा किया। बाजार चौक क्षेत्र में जो विकास कार्य होने जा रहा है उससे व्यापारियों और आम नागरिकों दोनों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर अनुपम साहू, राजू राकेश जंघेल, दशरथ साहू, गुड्डू झा, पुनाराम कलिहारी, नरेन्द्र निर्मलकर, शैलेन्द्र साहू, पार्षद धर्मेन्द्र भगत, सविता धवस सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामवासी उपस्थित थे।

पावरहाउस स्टेशन पर अब इतवारी एक्सप्रेस के ठहराव की बढ़ी उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

ट्विनसिटी में दुर्ग के बाद सबसे महत्वपूर्ण पावरहाउस रेलवे स्टेशन पर इतवारी बिलासपुर इंटर सिटी एक्सप्रेस ट्रेन के स्टापेज के जनहित के मुद्दे को आखिरकार पीएमओ ने संज्ञान में लिया है। शहर के लोगों को रेलवे बोर्ड द्वारा यहां जल्द ठहराव दिए जाने की आशा जगी है। इससे यात्रियों को राहत मिलेगी।

- हरिभूमि ने उठाया था मुद्दा
- ताम्रकार के पत्र पर पीएमओ से मिला आश्वासन

उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने 23 सितंबर के अंक में इंटर सिटी इतवारी एक्सप्रेस गाड़ी के बिलासुपर से इतवारी (नागपुर) जाते समय पावरहाउस स्टेशन पर स्टापेज नहीं होने संबंधी समाचार प्रकाशित किया था। दैनिक यात्रियों सहित जिला कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष (पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ) राजेंद्र ताम्रकार ने इस मामले में प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर इतवारी एक्सप्रेस के एक ओर के बजाए दोनों ओर इस स्टेशन में ठहराव दिए जाने की मांग की थी। पत्र में निर्धारित टार्गेट से अधिक आय (रेवेन्यू) पीएम के इस मांडल स्टेशन से मिलने के बाद भी भिलाई इस्पात संयंत्र स्थित वाले इस शहर के पावराहउस स्टेशन में इतवारी एक्सप्रेस का ठहराव नहीं होने से यात्रियों को दुर्ग स्टेशन में उतरने से देर रात की परेशानी का हवाला दिया था। श्री अरोरा ने बताया कि पीएमओ भेजे गए पत्र पर सीपीजीआरएएमएस से मुझे भेजे गए लिखित जवाब में आश्वस्त किया गया है कि आपके अमूल्य सुझाव पर विचार किया जाएगा। इस संबंध में रेलवे बोर्ड को विचारार्थ निर्देशित किया गया है। पत्र में उल्लेखित है आप चाहें तो रेलवे बोर्ड से भी संपर्क कर सकते है। श्री ताम्रकार सहित दैनिक यात्री संघ के राजेश प्रजापति ने बताया कि इंटर सिटी व बरौनी गोंदिया एक्सप्रेस पावराहाउस नें नहीं रुकने से अक्सर चेनपुलिंग होने से करीब दस मिनट बर्बाद होते हैं । यदि ठहराव हो जाएगा तो ट्रेन सिर्फ दो मिनट ही रुकेगी और यात्रियों को भी राहत मिलेगी।

7 हजार रोजाना आय होने पर स्टापेज है अनिवार्य

रेलवे बोर्ड के नियम अनुसार किसी भी स्टेशन पर एक्सप्रेस गाड़ी के स्टापेज का नियम यह है कि संबंधित स्टेशन की टिकट की आय रोजाना 7 हजार होना जरुरी है। पीएम को पत्र में बताया गया था कि पावरहाउस स्टेशन से रेलवे को होने वाले रोजाना आय इससे कई गुना अधिक पौने दो लाख प्रतिदिन है। इसके बाद भी इंटरसिटी सहित महत्वपूर्ण एक्सप्रेस गाड़ियों के स्टापेज को लेकर इस स्टेशन व यात्रियों की उपेक्षा की जा रही है। श्री ताम्रकार ने बताया कि इस आय की जानकारी उन्हें खुद रेलवे अधिकारियों ने लिखित मे सूचना के अधिकार के तहत दी थी। पीएमओ के सकारात्मक जवाब से अब इंटर सिटी के दोनों ओर के ठहराव की नई उम्मीद बंधी है।

एसपी-3 में कोकओवन गैस प्रणाली का उन्नयन, उत्पादन नही होगा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 (एसपी-3) ने सिंटर मशीन-1 के इग्निशन फर्नेस की कोकओवन गैस आपूर्ति प्रणाली में सुधार करते हुए दो प्रमुख तकनीकी संशोधनों को क्रियान्वित किया है। इसके तहत इग्निशन फर्नेस के समीप नया यू-सील

- सिंटर मशीन-1 के सीओ गैस सिस्टम में यू-सील और अतिरिक्त लाइन की स्थापना

स्थापित करने के साथ सीओ गैस हेडर में बर्नर क्रमांक-1 के समीप अतिरिक्त लाइन उपलब्ध कराई गई है। कार्यों को आंतरिक संसाधनों के माध्यम से एवं विभिन्न विभागों के समन्वय से पूरा किया गया। मोडिफाइड सिस्टम का उद्घाटन महाप्रबंधक एके बेडेकर और एससी चांवरिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रभारी राहुल बिजुरकर, महाप्रबंधक भादेव टुडू सहित एसपी-3 के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। सिंटर मशीन-1 के इग्निशन फर्नेस की सीओ गैस आपूर्ति लाइन में ग्राउंड लेवल एवं द्वितीय स्तर पर यू-सील स्थापित किए गए हैं। एक्सहॉस्टर, फर्नेस अथवा सिंटर मशीन के रुकने की स्थिति में सीओ गैस लाइन को पृथक कर सुरक्षित कार्य सुनिश्चित करने के लिए प्रचालन टीम को इन यू-सील में पानी भरना पड़ता था। पूर्व व्यवस्था के तहत सीओ गैस लाइन को पृथक करने में 45 से 60 मिनट का समय लगता था। इससे रखरखाव एवं पुनः संचालन की गतिविधियों में विलंब होने से सिंटर मशीन की उपलब्धता एवं उत्पादन प्रभावित होने की संभावना रहती थी।

टीम वर्क से मिली सफलता

इस परिचालन संबंधी समस्या के समाधान के लिए एके बेडेकर व एससी चांवरिया के मार्गदर्शन में गठित क्रॉस-फंक्शनल टीम ने मौजूदा सीओ गैस पाइपलाइन व्यवस्था का अध्ययन किया। विभिन्न विभागों के सुझावों पर इग्निशन फर्नेस के समीप नया यू-सील स्थापित करने तथा बर्नर क्रमांक-1 के समीप सीओ गैस हेडर से अतिरिक्त पाइपलाइन उपलब्ध कराने की योजना तैयार की गई। इन सुधारों को इन-हाउस संसाधनों से क्रियान्वित करने के लिए इंजीनियरिंग डिजाइन विभाग और एनर्जी मैनेजमेंट विभाग ने आवश्यक तकनीकी सहयोग प्रदान किया।

इंटक के प्रतिनिधि मंडल ने प्रबंधन सौंपा रिमाइंडर

बीएसपी में ठेका श्रमिकों के बोनस को लेकर प्रबंधन पर बढ़ाया दबाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत ठेका श्रमिकों को त्योहार के पूर्व और नियमानुसार बोनस की पूरी राशि उनके खाते में पहुंचाने को लेकर दबाव बढ़ाना

- दुर्गा पूजा पूर्व 20 प्रतिशत दिलाने पर जोर

शुरु कर दिया है। इंटक ने इस अहम मुद्दे को लेकर आंदोलन के बाद आज सोमवार को बीएसपी प्रबंधन को रिमाइंडर ज्ञापन सौंपकर दुर्गा पूजा के पूर्व 20 प्रतिशत बोनस दिए जाने की मांग की।

यूनियन के अध्यक्ष संजय कुमार साहू के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने



भिलाई इस्पात संयंत्र के वरिष्ठ प्रबंधक राहुल थोटे को कार्यपालक निदेशक, मानव संसाधन के नाम ज्ञापन सौंपकर इस संबंध में चर्चा की। भिलाई इस्पात संयंत्र के उत्पादन, उत्पादकता एवं लाभार्जन में ठेका श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। संयंत्र के संचालन व रखरखाव, सफाई सहित विभिन्न कार्यों में ठेका श्रमिक लगातार सक्रिय योगदान दे रहे हैं। उनके योगदान से बीएसपी और सेल के उत्पादन और लाभार्जन को बढ़ाने में सहायता मिल रही है। दुर्गा पूजा देश के प्रमुख त्योहारों में से एक है। ऐसी स्थिति में ठेका श्रमिकों और उनके परिवारों को त्योहार के समय आर्थिक राहत एवं सम्मान मिलना आवश्यक है। प्रबंधन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि संयंत्र में कार्यरत पात्र ठेका श्रमिकों को दुर्गा पूजा के पूर्व 20 प्रतिशत बोनस का भुगतान किया जाए तथा बोनस की पूरी राशि श्रमिकों तक पहुंचे।

किसी को बोनस से वंचित न रखें

यूनियन ने मांग की कि प्रबंधन को बोनस भुगतान की प्रक्रिया में पारदर्शिता रखते हुए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी भी पात्र ठेका श्रमिक को बोनस से वंचित न किया जाए। सभी मजदूरों को बोनस नहीं मिलने से उनमें असंतोष बढ़ेगा। नियमित कर्मियों को पिछले से साल से अधिक बोनस मिलने से ठेका मजदूरों को भी इस साल नई उम्मीद बंधी है। प्रतिनिधिमंडल ने प्रबंधन से मांग की कि दुर्गा पूजा से पूर्व बोनस भुगतान की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर ठेका श्रमिकों को समय पर 20 प्रतिशत बोनस उपलब्ध कराया जाए। प्रतिनिधि मंडल में यूनियन के सीपी वर्मा, दीनानाथ सिंहसार्वा, आर दिनेश, गुरुदेव साहू ,जीआर सुमन, शिव शंकर सिंह, सुरेश श्याम कुवर, राजेंद्र गजेंद्र, खिलावन साहू के रामू, नरेंद्र कुमार कान्हा राम कामता प्रसाद बलराम वर्मा संजीव मानिकपुरी दामन लाल पदाधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित थे।



हरिभूमि

रायपुर, मंगलवार 6 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129

लोकनृत्य से पंडवानी तक सजी सांस्कृतिक शाम



तीसरे सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। लोक रागिनी और संस्कार भारती की ओर से वंदे मातरम नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। रामानुजगंज से आई राधा कृष्ण मंडली ने विभिन्न भाषाओं में संकीर्तन प्रस्तुत किया। लोकमंथन कसडोल के कलाकारों ने गेड़ी, साहुल और बैगा नृत्य की प्रस्तुति दी। प्रसिद्ध कलाकार दुष्यंत द्विवेदी ने पंडवानी प्रस्तुत कर दर्शकों को लोककथा और गायन की समृद्ध परंपरा से जोड़ा।

लाइव इवेंट

1200 विद्यार्थियों के दांतों की जांच, बच्चों को सिखाए मुख स्वास्थ्य के तरीके



भिलाई। बच्चों के स्वस्थ दांत उनके संपूर्ण स्वास्थ्य और आत्मविश्वास से भी जुड़े हैं। इसी सोच के साथ इंडियन डेंटल एसोसिएशन आईडीए दुर्ग-भिलाई शाखा द्वारा एमजीएम पब्लिक स्कूल, शांति नगर में एक दिवसीय दंत स्वास्थ्य एवं मुख स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। शिविर में कक्षा तीसरी से दसवीं तक के करीब 1200 विद्यार्थियों के दांतों और मुख की जांच की गई। चिकित्सकों ने बच्चों को दांतों की नियमित सफाई, सही तरीके से ब्रश करने और मुख की स्वच्छता बनाए रखने के बारे में भी जानकारी दी। शिविर का आयोजन आईडीए दुर्ग-भिलाई की प्रेसिडेंट डॉ. दीप्ति राठौर के मार्गदर्शन, सेक्रेटरी डॉ. सायली कुरैशी के सहयोग तथा सीडीएच कोऑर्डिनेटर डॉ. रजत जैन के समन्वय से किया गया। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की जांच के दौरान चिकित्सकों ने बच्चों की दंत संबंधी समस्याओं को देखा और उन्हें रोजमर्रा में अपनाई जाने वाली सावधानियों के बारे में समझाया।

कम उम्र से स्वास्थ्य जागरूकता पर जोर

आईडीए की प्रेसिडेंट डॉ. दीप्ति राठौर ने कहा कि बच्चों में कम उम्र से ही स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विकसित करना जरूरी है। दांतों की नियमित देखभाल और समय पर जांच से कई समस्याओं से बचा जा सकता है। उन्होंने शिविर के आयोजन में सहयोग के लिए एमजीएम पब्लिक स्कूल प्रबंधन का आभार जताया। अल्प सूचना के बावजूद स्कूल प्रबंधन ने शिविर के लिए आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया।

चिकित्सकों ने दिया समय

शिविर में शहर के दंत चिकित्सकों ने अपनी व्यस्त दिनचर्या से समय निकालकर विद्यार्थियों की जांच की। इसमें डॉ. मीनल साटकर साहू, डॉ. मंगलम, डॉ. आकांक्षा, डॉ. दीप्ति राठौर, डॉ. स्मिता श्रीवास्तव, डॉ. सविता कबडवाल, डॉ. श्रेणिक नाहटा, डॉ. रिया जैन और डॉ. रजत जैन ने सेवाएं दीं। इस पहल में सहयोग के लिए स्माइल फाउंडेशन की ओर से संतोष का भी विशेष आभार व्यक्त किया गया। आईडीए दुर्ग-भिलाई की ओर से बताया गया कि बच्चों और आम लोगों को दंत एवं मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी अभियान जारी रखे जाएंगे। हंसते चेहरों की देखभाल, स्वस्थ समाज की ओर कदम इसी उद्देश्य के साथ आईडीए दुर्ग-भिलाई स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में लगातार काम कर रहा है।

भिलाई। छत्तीसगढ़ की पहचान केवल उसकी लोककलाओं और परंपराओं तक सीमित नहीं, बल्कि यहां की जीवनशैली में परिवार, समाज, पर्व, परंपरा और प्रकृति के साथ मिलकर आगे बढ़ने की भावना भी गहराई से जुड़ी है। यही भाव हम भारत के लोग की उस व्यापक भारतीय चेतना से जुड़ता है, जो विविधताओं के बीच एकता का आधार है। इसी विचार को केंद्र में रखते हुए भिलाई के कला मंदिर सभागार में प्रबुद्ध परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा एक दिवसीय प्राक लोकमंथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की लोक परंपराओं, ज्ञान-विरासत, विज्ञान-तकनीक, भारतीय दृष्टि, इतिहास और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों पर अलग-अलग सत्रों में विचार-मंथन हुआ। साथ ही लोकनृत्य, संकीर्तन और पंडवानी जैसी प्रस्तुतियों ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधता को मंच पर जीवंत किया।जयपुर में 3 से 6 दिसंबर तक होने वाले द्विवार्षिक लोकमंथन की पृष्ठभूमि में आयोजित इस प्राक लोकमंथन का मुख्य विषय हम भारत के लोग रखा गया। इसका उद्देश्य भारत की संवाद परंपरा को पुनर्स्थापित करने के साथ छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक अस्मिता को व्यापक भारतीय संदर्भ में समझना रहा।

● छत्तीसगढ़ की लोक परंपराओं में दिखती है हम भारत के लोग की भावना

संस्कृति, ज्ञान परंपरा, तकनीक और इतिहास पर हुआ मंथन, लोककला की प्रस्तुतियों ने बांधा समां



ऋषि और कृषि की परंपरा से बनी छत्तीसगढ़ की पहचान

उद्घाटन सत्र का विषय हम भारत के लोग की भावना को सुदृढ़ करती छत्तीसगढ़ की लोक परंपराएं था। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रांत के पूर्व प्रांत संघचालक बिसरा राम यादव और मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा रहे। शशांक शर्मा ने छत्तीसगढ़ की उन ज्ञान परंपराओं और सामाजिक व्यवस्थाओं का उल्लेख किया, जो समाज को जोड़ने का काम करती रही हैं। उन्होंने रामायण में वर्णित ऋषियों के छत्तीसगढ़ से संबंध, गुरुकुल परंपरा तथा ताम्रपत्र, ताड़पत्र और शिलालेखों के माध्यम से ज्ञान को सुरक्षित रखने की परंपरा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की मूल परंपरा ऋषि और कृषि की रही है। यहां का समाज धन से अधिक परिवार, पर्व और परंपराओं को महत्व देता है। मोथली और मितान जैसी सामाजिक परंपराएं भी आपसी जुड़ाव और हम भारत के लोग की भावना को मजबूत करती हैं।

परंपरा और आधुनिक विज्ञान पर हुई चर्चा

दूसरे सत्र में पंडित सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति वीरेंद्र सारस्वत ने विज्ञान, तकनीक और प्रबंधन के संदर्भ में पारंपरिक मान्यताओं तथा प्राचीन ग्रंथों की उपयोगिता पर विचार रखे। वहीं आईआईटी भिलाई के निदेशक राजीव प्रकाश ने हम भारत के लोग विषय पर भारतीय समाज की आत्मीयता का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले मोहल्ले के लोगों के बीच चाचा-चाची, काका-काकी और मामा-मामी जैसे रिश्तों की सहज भावना होती थी। उन्होंने आईआईटी भिलाई द्वारा दंतेवाड़ा, कोंडागांव और बस्तर जैसे सुदूर वन क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने भारतीय दृष्टि को आंकड़ों और आधुनिक तकनीक के माध्यम से वैश्विक मंच पर रखने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।



इतिहास के घटनाक्रम पर भी हुआ विमर्श

अंतिम सत्र का विषय भारत विभाजन के अपराधी रहा। दिल्ली से आए पत्रकार और हे राम के लेखक प्रखर श्रीवास्तव ने 1920 के बाद के ऐतिहासिक घटनाक्रमों को क्रमवार रखा। उन्होंने इतिहास लेखन, खिलाफत आंदोलन और मालाबार में हिंदुओं के नरसंहार सहित विभाजन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों पर अपने विचार रखे। प्रबुद्ध परिषद के प्रांत संयोजक अतुल नागले ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी और दिनकर डांगे के संस्मरण को याद किया। दिनकर डांगे स्मृति व्याख्यानमाला के संयोजक अजय डांगे ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन रचना नायडू, आदित्य तामस्कर और अर्चना जगन ने किया। इस अवसर पर प्रगति महिला बैंक की अध्यक्ष अश्विनी नागले, उपाध्यक्ष बृजलता चौबे, ग्रामोदय के संयोजक विनोद मिश्र, श्वेता उपाध्याय, संस्कार भारती के महामंत्री हेमंत माहुलीकर सहित रायपुर, राजनांदगांव, दुर्ग और बिलासपुर से आए प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम के सामूहिक गायन के साथ हुआ।

सिटी इवेंट

शाही दशहरा-नवरात्रि समारोह में शामिल होंगे राज्यपाल रमेन डेका



भिलाई। सिविक सेंटर स्थित शाही दशहरा मैदान में आयोजित होने वाले शाही दशहरा एवं नवरात्रि समारोह को इस वर्ष राज्यपाल रमेन डेका शामिल होंगे। राज्यपाल ने आयोजन में शामिल होने की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

आयोजन समिति की संरक्षक चारुलता पांडेय ने उन्हें समारोह में शामिल होने के लिए औपचारिक आमंत्रण दिया था, जिसे स्वीकार करते हुए राज्यपाल ने अपनी सहभागिता की सहमति दी। राज्यपाल के आगमन की स्वीकृति के बाद आयोजन समिति तैयारियों को और व्यापक स्वरूप देने में जुट गई है। समिति के अनुसार शाही दशहरा एवं नवरात्रि समारोह को मध्य भारत के बड़े और आकर्षक धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों में शामिल करने की दिशा में तैयारियां की जा रही हैं। नवरात्रि के दौरान धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। दशहरा पर्व पर आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से धर्म की अधर्म पर और सत्य की असत्य पर विजय का संदेश दिया जाएगा। आयोजन स्थल की साज-सज्जा, मंच और विभिन्न कार्यक्रमों को भी भव्य स्वरूप देने की तैयारी है। समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और शहरवासियों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए आयोजन समिति ने व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। मंच, प्रकाश व्यवस्था, प्रवेश और निकास, श्रद्धालुओं के बैठने, पार्किंग, यातायात नियंत्रण तथा सुरक्षा से जुड़े इंतजामों को लेकर अलग-अलग स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन समिति का प्रयास है कि कार्यक्रम के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के साथ श्रद्धालुओं को आवागमन और दर्शन में किसी तरह की परेशानी न हो।

- शाही दशहरा मैदान में आस्था और संस्कृति का होगा आयोजन, मध्य भारत के बड़े आयोजनों में शामिल करने की तैयारी

नई पीढ़ी को परंपराओं से जोड़ने का प्रयास

आयोजन समिति का कहना है कि शाही दशहरा एवं नवरात्रि समारोह को केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित न रखते हुए इसे भिलाई की सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक सहभागिता से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। धार्मिक आयोजनों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और दशहरा कार्यक्रमों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की दिशा में भी गतिविधियां की जायेंगी। समिति के अनुसार इससे भिलाई के इस आयोजन को व्यापक पहचान मिलने की उम्मीद है। समारोह में दुर्ग-भिलाई सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

पोस्टर, क्विज, नुक्कड़ नाटक और रैली के जरिए एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस के प्रति किया जागरूक

भिलाई। संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अंतर्गत संचालित रूंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज एवं रूंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज एंड रिसर्च में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं और जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से सुरक्षित एवं प्रभावी औषधि उपयोग का संदेश दिया। इस वर्ष की थीम स्वस्थ भविष्य के लिए फार्मासिस्टों को सशक्त बनाना रही, जबकि एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस से मुकाबले को विशेष जागरूकता विषय बनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल, रायपुर के उपाध्यक्ष राहुल तिवारी थे। संस्थान के प्राचार्य डॉ. ज्ञानेश कुमार साहू की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में डायरेक्टर फार्मेसी प्रो. डॉ. चंचल दीप कौर ने उद्बोधन देते हुए कहा कि फार्मासिस्ट की भूमिका केवल दवाओं के वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि औषधियों के सुरक्षित उपयोग, रोगी की देखभाल और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विद्यार्थियों से ज्ञान, नैतिकता, नवाचार और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि राहुल तिवारी ने स्वास्थ्य सेवाओं में फार्मासिस्टों की बदलती भूमिका और औषधि सुरक्षा पर विचार रखे। उन्होंने विद्यार्थियों को लगातार अपने ज्ञान और व्यावहारिक कौशल को विकसित करने की सलाह दी। वहीं चेयरमैन संजय रूंगटा ने शिक्षा को मानव सेवा, अनुसंधान और नवाचार से जोड़ने की बात कही।



पोस्टर से रील्स तक दिखाई प्रतिभा

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग, लीफलेट मेकिंग, स्लोगन, कार्टून-स्किट्स, फार्मा क्विज और रील्स प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस, दवाओं के विवेकपूर्ण उपयोग और स्वास्थ्य जागरूकता जैसे विषयों पर रचनात्मक प्रस्तुतियां दीं। नुक्कड़ नाटक और एनएसएस रैली के माध्यम से भी लोगों को एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस के प्रति जागरूक किया गया।इस अवसर पर फार्मा क्लब गतिविधियां, सीआर फेलिसिटेशन तथा सीएसवीटीयू फाउंडेशन डे, एनएसएस और सीएसवीटीयू विश्वविद्यालय के प्रमाणपत्र वितरण भी किया गया। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि सम्मान के बाद धन्यवाद ज्ञापन, समूह छायाचित्र और राष्ट्रगान के साथ आयोजन का समापन हुआ। आयोजन में प्रबंधन, प्राचार्य डॉ. ज्ञानेश कुमार साहू, निदेशक, प्राध्यापक, गैर-शिक्षण कर्मचारी, आयोजन समिति और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही।

शिक्षा में नवाचार और नेतृत्व के लिए सृष्टि झा को एमर्जिंग एजुकेटर अवॉर्ड

भिलाई। शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान और विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों को देखते हुए केएच ग्रुप ऑफ स्कूल्स की एकेडमिक डायरेक्टर सृष्टि झा को प्रतिष्ठित टीचिंग एक्सीलेंस ऑनर–एमर्जिंग एजुकेटर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान ब्लूम की ओर से रायपुर में आयोजित विशेष समारोह में प्रदान किया गया। समारोह में शिक्षा जगत से जुड़े शिक्षाविदों और गणमान्य लोगों ने सहभागिता की। सृष्टि झा को यह सम्मान शिक्षा के प्रति उनके समर्पण, नेतृत्व क्षमता, शैक्षणिक गुणवत्ता में निरंतर सुधार तथा विद्यार्थियों के बेहतर विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए दिया गया। केएच ग्रुप ऑफ स्कूल्स में एकेडमिक डायरेक्टर के रूप में सृष्टि झा आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दे रही हैं। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों की पढ़ाई के साथ व्यक्तित्व विकास, रचनात्मक गतिविधियों और सीखने के नए तरीकों को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। एमर्जिंग एजुकेटर अवॉर्ड को सृष्टि झा की शैक्षणिक यात्रा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। इस सम्मान पर स्कूल परिवार और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



पत्र लेखन प्रतियोगिता में 60 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा, मदिहा कुरैशी ने जीता प्रथम पुरस्कार

प्रधानमंत्री के नाम पत्र लिखकर विद्यार्थियों ने बताई संस्कृति और धरोहर बचाने में युवाओं की भूमिका

कार्नर न्यूज

भिलाई। भारतीय संस्कृति और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने में युवाओं की भूमिका क्या हो सकती है, इस विषय पर खालसा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपने विचार पत्रों के माध्यम से व्यक्त किए। अखिल भारतीय उत्कृष्ट बहुउद्देशीय संस्था एवं इंटेक भारतीय राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक धरोहर के संयुक्त तत्वावधान में खालसा पब्लिक स्कूल के बीएड सभागार में पत्र लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यालय प्रबंधन के सहयोग से आयोजित प्रतियोगिता में करीब 60 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। हिंदी दिवस पखवाड़े के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता का विषय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पत्र भारतीय संस्कृति और धरोहर को बचाने के लिए युवाओं की भूमिका रखा गया था। विद्यार्थियों ने पत्रों के माध्यम से संस्कृति, परंपराओं, विरासत और इनके संरक्षण में युवाओं की जिम्मेदारी से जुड़े विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद की पत्नी रजनी विजय बघेल थीं। अध्यक्षता महिला महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्या संध्या मदन मोहन श्रीवास्तव ने की। विशिष्ट अतिथि मिथिला खिचारिया रहीं।



विद्यार्थियों ने स्पर्धा में लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा



कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों, संस्था की संस्थापक अध्यक्ष शानू मोहनन सहित पदाधिकारियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। ए. विजय लक्ष्मी, शेफाली भट्टाचार्य और संगीता आस्थाना ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। स्वागत उद्बोधन शानू मोहनन ने दिया। आयोजन संयोजिका शेफाली भट्टाचार्य ने बताया कि हिंदी दिवस पखवाड़े के तहत आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में लेखन क्षमता के साथ भारतीय संस्कृति और विरासत के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने अनुशासन और उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम के आयोजन में खालसा पब्लिक स्कूल के प्राचार्य स्वप्निल गोविंद राव नागतोडे का विशेष सहयोग रहा।

मदिहा कुरैशी प्रथम

प्रतियोगिता के निर्णायक राजीव बी. आस्थाना और शिक्षाविद् किरण ढांढ रहे। परिणाम में कक्षा 10 की मदिहा कुरैशी ने प्रथम, कक्षा 12 के प्रफुल्ल मौरानी ने द्वितीय और कक्षा 11 की सानवी जंघेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार काव्या सिंह गौतम कक्षा 12, शुभम नाग कक्षा 12, निहारिका साहू कक्षा 12, नीरज मालाकार कक्षा 10 और विवेक साहू कक्षा 11 को दिया गया। विजेताओं को स्मृति चिह्न और प्रमाण पत्र तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था की प्रमुख कार्यकारिणी सदस्य उमा नायर, ए. विजय लक्ष्मी, सोनम गुप्ता, उपासना साहू, सोनिया नायडू घोष, आलोक कुमार चंदा और देवेंद्र कुमार दुबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार संस्था के सलाहकार प्रदीप भट्टाचार्य ने व्यक्त किया।



सिटी इवेंट

तेलुगु महासंघम ने समाज की एकजुटता पर दिया जोर



भिलाई। छत्तीसगढ़ तेलुगु महासंघम् की महत्वपूर्ण बैठक भिलाई के होटल में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे समाज के प्रतिनिधियों ने तेलुगु समाज की उन्नति, सामाजिक विकास और आपसी एकजुटता को लेकर व्यापक विचार-विमर्श किया। वक्ताओं ने समाज के लोगों के सुख-दुख में एक-दूसरे के साथ खड़े रहने और जरूरत के समय सामूहिक रूप से सहयोग करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में कहा गया कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में तेलुगु समाज के अनेक संघ, संगठन, गांव संघ और सामाजिक समूह सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। इन सभी संगठनों और समाज के विभिन्न वर्गों को एक साझा मंच पर लाकर समाजहित में समन्वित रूप से कार्य करने की आवश्यकता है। वक्ताओं ने कहा कि संगठन, विचारधारा या सामाजिक पृष्ठभूमि अलग हो सकती है, लेकिन तेलुगु समाज के हित की बात आने पर सभी को एकजुट होकर आगे बढ़ना चाहिए। प्रतिनिधियों ने कहा कि आपसी समन्वय और सहयोग से समाज की समस्याओं को प्रभावी ढंग से सामने रखा जा सकेगा। साथ ही शिक्षा, रोजगार, सामाजिक विकास तथा जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए सामूहिक प्रयासों को गति मिलेगी। नई पीढ़ी को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने और युवाओं को समाज की गतिविधियों से जोड़ने पर भी जोर दिया गया।वक्ताओं ने कहा कि किसी भी सामाजिक संगठन की वास्तविक शक्ति केवल सदस्यों की संख्या में नहीं, बल्कि उनकी एकजुटता, सहभागिता और समाज के प्रति जिम्मेदारी में होती है। यदि सभी वर्ग और संगठन मिलकर कार्य करें तो छत्तीसगढ़ के तेलुगु समाज की सामाजिक पहचान और अधिक मजबूत होगी। बैठक में महासंघम के अध्यक्ष आर मुरली, महासचिव बी तुलसीराव, संयोजक रुद्रमूर्ति, सलाहकार एम बाबूराव, कोषाध्यक्ष एन रमन मूर्ति, उपाध्यक्ष श्रीनिवास रेड्डी, संरक्षक वी रामाराव, सचिव आदि नारायण तथा उप महासचिव एस गणेशकुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। राज्य कार्यकारिणी सदस्य डा डी श्याम कुमार, ई तुलसीराव और मोहन राव के अलावा बिलासपुर के पूर्व पार्षद रामा राव भी बैठक में शामिल हुए। रायपुर, दुर्ग, कोरबा, बिलासपुर और डोंगरगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे समाज के प्रतिनिधियों एवं सदस्यों ने भी सक्रिय सहभागिता की। बैठक के समापन पर समाज के सभी वर्गों एवं संगठनों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने और आगामी दिनों में सामाजिक गतिविधियों को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाने पर सहमति बनी। महासंघम् के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज की मजबूती, एकता और सर्वांगीण विकास के लिए सभी को साथ लेकर चलना संगठन की प्राथमिकता रहेगी।

धर्म लाइव

सद्गुरु की शरण से जीवन को मिलता है सही मार्ग, ध्यान-साधना शिविर में सत्संग





भिलाई। पांच दिवसीय ध्यान-साधना शिविर में सत्संग, प्रवचन और बाल संस्कार का आयोजन किया गया था, जिसका विधिवत समापन हुआ। कबीर पारख निकेतन, कहलगांव, जिला भागलपुर बिहार के संस्थापक पूज्य संत अभय साहेब के संरक्षण, मार्गदर्शन और निर्देशन में आयोजित शिविर में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पांच दिनों तक हुए सत्संग और प्रवचन में संत अभय साहेब ने सद्गुरु कबीर के दोहों के माध्यम से जीवन को सद्मार्ग पर ले जाने और परमार्थ के कार्यों से जुड़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को जीवन में भटकाव से बचने के लिए सद्गुरु की शरण लेनी चाहिए। सद्गुरु न केवल जीवन जीने की सही राह दिखाते हैं, बल्कि सांसारिक बंधनों से मुक्ति का मार्ग भी बताते हैं। शिविर में ध्यान, सत्संग और आध्यात्मिक विचारों के माध्यम से प्रतिभागियों ने जीवन में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का अनुभव किया। संत के प्रवचनों का लाभ लेने छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों के साथ ही अन्य राज्यों से भी श्रद्धालु पहुंचे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आश्रम के मीडिया प्रभारी डॉ. दीनदयाल साहू ने बताया कि शिविर के अंतिम दिन बच्चों के लिए बाल संस्कार शिविर आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने हिस्सा लिया। बच्चों को संस्कार, सदाचार और जीवन मूल्यों से जुड़ी सीख दी गई। शिविर में प्रमुख ट्रस्टी डॉ. हीरालाल साहू, प्रबंध समिति अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार साहू, ट्रस्ट अध्यक्ष आत्माराम साहू, महिला प्रकोष्ठ संयोजिका प्रेमलता साहू और युवा प्रकोष्ठ संयोजक वेदप्रकाश साहू सहित प्रेमा दास, फकीर राम, विनोद साहू, भरत लाल साहू, केपी साहू, रामाधार साहू, गौकरण लाल साहू, एमके साहू, परमानन्द वर्मा, उर्मिला साहू, लक्ष्मी साहू और शीला साहू का विशेष योगदान रहा।

महिला सफाई कर्मियों को किया सम्मानित



भिलाई। स्वच्छ और सुंदर भिलाई के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली महिला सफाई कर्मियों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय स्थित सभागार कक्ष में किया गया। कार्यक्रम में लायंस क्लब द्वारा आयुक्त सुरूचि सिंह की उपस्थिति में निगम क्षेत्र में कार्यरत महिला सफाई कर्मियों को साड़ी का वितरण कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला सफाई कर्मियों को साड़ी भेंट कर उनके समर्पण, मेहनत और सेवाभाव के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में सफाई कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। विशेष रूप से महिला सफाई कर्मी प्रतिदिन सुबह से ही अपने कार्यक्षेत्र में पहुंचकर सार्वजनिक स्थलों, सड़कों और आसपास के क्षेत्रों की सफाई में जुट जाती हैं और स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखने में अपना योगदान देती हैं। लायंस क्लब की ओर से कहा गया कि स्वच्छता कर्मियों का कार्य केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि वे स्वस्थ एवं स्वच्छ समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

● खुर्सीपार में सजा आठ दिवसीय महोत्सव, युवाओं के गेम्स, 10 को टैलेंट शो और आनंद मेला

अग्रसेन मैराथन में दिखा उत्साह, आज ट्रेजर हंट बैडमिंटन-कैरम व फनी गेम्स, 11 को शोभायात्रा

भिलाई। अग्रवाल समाज खुर्सीपार के अग्रसेन जयंती महोत्सव का आगाज 5 किमी अग्रसेन मैराथन के साथ हुआ। न्यू खुर्सीपार में आयोजित मैराथन में महिला और पुरुषों ने उत्साह के साथ दौड़ लगाई। अलग-अलग आयु वर्ग में प्रतिभागियों ने अपनी खेल प्रतिभा दिखाई। इसके साथ ही 11 अक्टूबर तक चलने वाले आठ दिवसीय महोत्सव में आज से प्रतियोगिताओं और मनोरंजक आयोजनों का सिलसिला और तेज होगा। अग्रसेन भवन, न्यू खुर्सीपार में होने वाले आयोजन में बच्चों, महिलाओं, युवाओं और समाज के सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए गतिविधियां रखी गई हैं। मैराथन को खुर्सीपार थाना प्रभारी लक्ष्मण केवट ने ध्वज दिखाकर रवाना किया। 10 से 25 वर्ष से कम आयु वर्ग में महिलाओं में पलक अग्रवाल प्रथम और अनिका अग्रवाल द्वितीय रहीं, पुरुष वर्ग में तनिष्क अग्रवाल प्रथम और नमन गोयल द्वितीय रहे। 25 से 45 वर्ष आयु वर्ग में नवीन अग्रवाल और ऋचा अग्रवाल ने प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं अविनाश अग्रवाल और भावना अग्रवाल द्वितीय रहे। 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में अरुण गुप्ता और मनीषा अग्रवाल प्रथम तथा पराग गोयल और प्रीति गोयल द्वितीय रहे।





विजेताओं को किया पुरस्कृत

सांस्कृतिक चेयरमैन पवन अग्रवाल ने बताया कि मैराथन का आयोजन अग्रवाल सेवा समिति खुर्सीपार, अग्रवाल महिला समिति और अग्रसेन युवा मंच के सहयोग से किया गया। मैराथन के पुरस्कार स्व. सीताराम-कमला देवी अग्रवाल की स्मृति में उनके पुत्र शशिकांत अग्रवाल ने श्रद्धांजलि स्वरूप प्रदान किए। आयोजन में अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, महासचिव रतनलाल अग्रवाल, शिरीष अग्रवाल, सुंदर गुप्ता, घनश्याम दास, रामनाथ अग्रवाल, अशोक बंसल, श्रीभगवान, निखिल अग्रवाल, समीर सिंघल, विनायक, संगीता अग्रवाल, प्रेमा गर्ग, शारदा सिंघानिया और उषा अग्रवाल सहित समाज के लोग मौजूद रहे।

आज ट्रेजर हंट, बैडमिंटन-कैरम और फनी गेम्स: महोत्सव के तहत 5 से 9 अक्टूबर तक अग्रसेन प्रीमियर लीग के तहत फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता चल रही है। 6 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे ट्रेजर हंट होगा। शाम 5 बजे बैडमिंटन, कैरम और पिकल बॉल के मुकाबले होंगे। दोपहर 2 बजे से 15 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए पंक्चुअलिटी लकी ड्रॉ, निःशुल्क हाउजी, ग्रुप फनी गेम और चम्मच-कंचा दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं होंगी।

11 अक्टूबर को पूजन के बाद निकलेगी शोभायात्रा : महोत्सव के समापन अवसर पर 11 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे महाराजा अग्रसेन की पूजा-अर्चना और आरती होगी। इसके बाद शोभायात्रा निकाली जाएगी। शाम 6.30 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, जबकि रात 9 बजे भोजन प्रसाद का आयोजन रखा गया है।

फूलों की वर्षा और 101 किलो की खिचड़ी का वितरण रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की हुई शुरुआत



दुर्ग। अग्रवाल समाज दुर्ग द्वारा गंगा आरती की तर्ज पर महाराजा अग्रसेन की दिव्य महाआरती का आयोजन अग्रसेन चौक में किया गया। इसके साथ ही अग्रसेन जयंती समारोह की शुरुआत हो गई। पहले दिन फूलों की वर्षा की गई। 101 किलो खिचड़ी के प्रसाद का वितरण किया गया। अध्यक्ष ललित सेक्सरिया एवं महासचिव प्रहलाद रुंगटा में बताया कि पूरे अग्रसेन चौक को लाइट एवं फूलों से सजाया गया है। आयोजन में ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, समाज के संरक्षक कैलाश रुंगटा एवं गौरीशंकर अग्रवाल प्रमुख रूप से शामिल हुए। बनारस से विद्वान आचार्य पंडित विकास शुक्ला एवं उनकी टीम ने आरती का वाचन किया। विधायक ललित चंद्राकर ने आचार्य विकास शुक्ला को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। आयोजन प्रभारी संजय गर्ग, मनोज अग्रवाल, पंकज कृतिका ने बताया कि जैसे ही पीतांबर धारी आचार्यों ने शंखनाद डमरू की गूंज और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशाल दीपकों को उठाया तो पूरा माहौल भक्ति में और दिव्य ऊर्जा से सरोबार हो उठा। महिला मंडल की अध्यक्ष नीलू अग्रवाल युवा मंडल के अमूल बंसल एवं यूथ क्लब के गौरव अग्रवाल ने बताया कि महा आरती के दौरान शानदार आतिशबाजी की गई। पूर्व अध्यक्ष कमल नारायण रुंगटा, महेंद्र सेक्सरिया सहित सभी पूर्व अध्यक्षों ने अग्रसेन भवन एवं अग्रसेन चौक में अग्रसेन जी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस भक्ति मय कार्यक्रम में माहेश्वरी समाज, खंडेलवाल, ब्राह्मण, जैन सहित अनेक समाज के लोग सम्मिलित होकर आरती का लाभ लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विजय अग्रवाल, संजय रुंगटा, तृप्ति अग्रवाल, प्रीति राजगढ़िया, कविता रुंगटा, आनंद स्नेहा अगरवाल, प्रतीक नेहा कृतिका, आकाश निधि गोयल, अनूप संगीता अग्रवाल, नितिन दीक्षा अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

मगधा यादव समाज की महिलाओं ने रखा व्रत

संतान की सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना के साथ मनाया जितिया पर्व





भिलाई। संतान के सुख, उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना के साथ मगधा यादव समाज छत्तीसगढ़, जिला दुर्ग की ओर से जितिया महापर्व एवं जीवित पुत्रिका व्रत श्रद्धा, भक्ति और आस्था के साथ मनाया गया। दुर्ग-भिलाई क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर समाज की व्रती महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना कर संतान के मंगलमय जीवन की कामना की। मगधा यादव समाज के आयोजन दुर्ग से लेकर अंजोरा, उत्कल नगर, बोरसीभांठा, कुरुद, उमरपोटी, बीज निगम, बोरसी, करहीडीह, चिखली, सेक्टर-5, रिसाली, मॉडल टाउन, रुआबांधा, मोतीपुर, रसमड़ा, चंदखुरी, भिलाई-3, परियापारा और कोहका सहित विभिन्न क्षेत्रों में हुए। सुबह से ही व्रती महिलाएं पारंपरिक पूजा सामग्री के साथ आयोजन स्थलों पर पहुंचीं। आंगन में सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की गई और दीप प्रज्ज्वलित कर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किया गया। महिलाओं ने फल-फूल, दीप और अन्य पारंपरिक पूजा सामग्री के साथ जीवित पुत्रिका व्रत की विधि पूरी की। सामूहिक पूजा के दौरान महिलाओं की सहभागिता से पूरे क्षेत्र में भक्ति और आस्था का वातावरण बना रहा। व्रती महिलाओं ने परिवार की सुख-शांति के साथ संतान की समृद्धि, अच्छे स्वास्थ्य और लंबी आयु की प्रार्थना की। जितिया महापर्व के आयोजन ने धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता और पारिवारिक संस्कारों का संदेश भी दिया। सामूहिक रूप से पर्व मनाने से समाज की महिलाओं को एक-दूसरे से जुड़ने और परंपराओं को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का अवसर मिला। मगधा यादव समाज की ओर से आयोजित इन कार्यक्रमों में मातृशक्ति की सक्रिय सहभागिता विशेष रूप से दिखाई दी।

बनीं रनर-अप

डच ओपन में आकर्षी कश्यप का शानदार प्रदर्शन

दुर्ग । भारतीय अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी आकर्षी कश्यप ने नीदरलैंड में आयोजित डच ओपन इंटरनेशनल चैलेंज में शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में छठी वरीयता प्राप्त आकर्षी ने अपने दमदार खेल से फाइनल तक का सफर तय किया। टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में आकर्षी ने पेट्रा सारानोवा, अजेयाका और क्लावा लासेक्स को सीधे गेमों में हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में उनका सामना टूर्नामेंट की टॉप सीड और विश्व नंबर-40 डेनमार्क की एमिली सोल्ज से हुआ। आकर्षी ने शानदार रणनीति और आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए सोल्ज को 21-13, 21-15 से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में शीर्ष 40 में शामिल और टॉप सीड खिलाड़ी के खिलाफ यह जीत आकर्षी के डच ओपन अभियान की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में रही। फाइनल मुकाबले में आकर्षी का सामना जर्मनी की इवान लीसे हुआ। पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन लय में नजर आईं। आकर्षी ने फाइनल में भी अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास किया, हालांकि उन्हें सीधे गेमों में हार का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद उन्होंने डच ओपन में रनर-अप का खिताब हासिल कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम की है। इस सफलता पर आकर्षी कश्यप ने अपने पुलिस विभाग के सहयोगी अधिकारियों एवं विभागों के साथ-साथ अपने प्रायोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। डच ओपन में शानदार प्रदर्शन के बाद आकर्षी अब अपने अगले अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले के लिए तैयार हैं। वह 7 से 11 अक्टूबर तक इस्तांबुल, तुर्किये में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी, जहां उन्हें चौथी वरीयता मिली है। डच ओपन की सफलता से उत्साहित आकर्षी अब इस्तांबुल में भी अपनी शानदार लय बरकरार रखते हुए बेहतर प्रदर्शन करने के इरादे से कोर्ट पर उतरेंगी।



श्रमण संघ के भावी आचार्य महेन्द्र ऋषि महाराज का 60 वां जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया

पांच भाषाओं में प्रस्तुत किया भक्ति गीत, भक्तिमय वातावरण में मनाया आचार्य का जन्मोत्सव

कार्नर न्यूज

दुर्ग। श्रमण संघ के भावी आचार्य परम पूज्य गुरुदेव युवाचार्य महेन्द्र ऋषि महाराज का 60वां जन्मोत्सव जय आनंद मधुकर रतन भवन, बांधा तालाब, दुर्ग में आध्यात्मिक वातावरण में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सहजोड़ों के साथ दो सामायिक साधना एवं दया व्रत की साधना का आयोजन किया गया। वर्ष 2022 में युवाचार्य भगवंत महेन्द्र ऋषि महाराज का चातुर्मास जय आनंद मधुकर रतन भवन, बांधा तालाब, दुर्ग में सम्पन्न हुआ था। उस चातुर्मास की स्मृतियों को याद करते हुए धर्मसभा में श्रद्धालुओं ने गुरुदेव के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। धर्मसभा को संबोधित करते हुए राष्ट्र संत मणिभद्र मुनि महाराज ने कहा कि युवाचार्य भगवंत महेन्द्र ऋषि महाराज हमारे बचपन के मित्र हैं। हमारा वैराग्य काल भी एक साथ बीता है। आचार्य सम्राट श्री आनंद ऋषि जी महाराज के सानिध्य में धर्म आराधना सीखने और उनके साथ रहने का सौभाग्य हम दोनों को प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि युवाचार्य महेन्द्र ऋषि महाराज आचार्य भगवंत के कृपापात्र शिष्य रहे हैं। आज उनके मार्गदर्शन में श्रमण संघ निरंतर नई ऊंचाइयों को छूते हुए आगे बढ़ रहा है।





भक्तामर संपुष्ट साधना का क्रम जारी

जय आनंद मधुकर रतन भवन, बांधा तालाब, दुर्ग में नवकार महामंत्र जाप अनुष्ठान एवं भक्तामर संपुष्ट साधना का क्रम लगातार जारी है। भक्तामर संपुष्ट अनुष्ठान के अंतर्गत प्रतिदिन श्रद्धालु परिवार साधना का लाभ ले रहे हैं। इसी क्रम में आज आयोजित भक्तामर संपुष्ट अनुष्ठान का लाभ श्रमण संघ के अध्यक्ष श्री धरमचंद लोढ़ा परिवार द्वारा लिया गया।

पांच भाषाओं में स्वागत गान से बांधा समां

जन्मोत्सव के अवसर पर श्रमण संघ महिला मंडल द्वारा गुरुदेव के सम्मान में पांच अलग-अलग भाषाओं में स्वागत गान एवं भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। महिला मंडल की सदस्यों ने नेपाली, छत्तीसगढ़ी, मारवाड़ी, गुजराती एवं हिन्दी भाषा में अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए युवाचार्य भगवंत को जन्मदिवस की शुभकामनाएं अर्पित कीं और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने की कामना की। पांच भाषाओं में प्रस्तुत भक्ति गीतों ने धर्मसभा में भक्तिमय वातावरण बना दिया। इस अवसर पर बसंत छत्तीसाबोहरा ने भी अपने सुमधुर गीतों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

ज्योतिष

सर्वपितृ अमावस्या पर बनेंगे कई शुभ संयोग, इन राशियों का खुलेगा भाग्य



10 अक्टूबर को सर्वपितृ अमावस्या मनाई जाएगी। इसे साल की बड़ी अमावस्या भी कहा जाता है। यह तिथि धार्मिक महत्व के साथ-साथ ज्योतिषीय दृष्टि से भी बेहद खास मानी जाती है। मान्यता है कि इस दिन ग्रहों की स्थिति का शुभ प्रभाव कुछ राशियों के जीवन पर देखने को मिल सकता है। इस साल शनि मीन, सूर्य कन्या और शुक्र तुला राशि में विराजमान रहकर अपनी कृपा बरसाएंगे। इसके अलावा देवगुरु बृहस्पति कर्क राशि में स्थित होकर जातकों को शुभ परिणाम प्रदान कर सकते हैं। वहीं, हस्त नक्षत्र और ऐन्द्र योग का संयोग भी रहेगा। ऐसे में इन शुभ ग्रह स्थिति और संयोगों का प्रभाव 12 में से 3 राशि वालों के लिए बेहद खास रह सकता है। इस दौरान नए लोगों से संपर्क बनेंगे और उनके साथ मिलकर शुरू किए गए काम सफल हो सकते हैं। साथ ही, लंबे समय से अटकी इच्छाओं के पूरा होने के योग भी बन सकते हैं।

कर्क : कर्क राशि वालों को इस दौरान मनचाही सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। नए लोगों से मुलाकात होगी और उनके साथ मिलकर किए गए कामों में तरक्की मिल सकती है। संतान से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है और संतान सुख की प्राप्ति के योग बनेंगे। इस समय नौकरी के बड़े अवसर आपको प्राप्त होंगे। कोई सरकारी क्षेत्र से बड़ा अपडेट मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपके प्रयासों को पहचान मिलेगी और कई नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। पारिवारिक जीवन में सुख-सुविधाओं की प्राप्ति होगी और घर का माहौल खुशहाल रहेगा।

कन्याः कन्या राशि वालों का भाग्योदय हो सकता है। आपकी मेहनत रंग लाएगी और लंबे समय से किए जा रहे प्रयासों का सकारात्मक परिणाम मिलेगा। इस दौरान अचानक आपकी आय में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। इस दौरान कोई गाड़ी खरीदने का सपना आपका पूरा होगा। आर्थिक मामलों में आपको लाभ मिलने के साथ पुराने निवेश या प्रयासों का भी अच्छा परिणाम प्राप्त हो सकता है। विवाह के लिए घर स मंजूरी मिलेगी।

मकर : मकर राशि वालों को बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। पुराने परिचित या प्रभावशाली लोगों की मदद से किसी महत्वपूर्ण काम में सफलता मिल सकती है। इस दौरान लेन-देन से जुड़े मामलों में आपको अच्छे संपर्कों का लाभ मिल सकता है। करीबियों के साथ अच्छा समय बिताने के अवसर मिलेंगे, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार से जुड़े लोगों को भी नए अवसर प्राप्त होंगे। कॅरियर को लेकर सही समय पर लिए गए फैसले आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं।

घर की खिड़कियां हमेशा बंद रखने से बढ़ सकती हैं परेशानियां



घर की बनावट और सजावट से जुड़ी कई छोटी चीजों को वास्तु शास्त्र में महत्वपूर्ण माना गया है। इनमें खिड़कियों की स्थिति और उनका इस्तेमाल भी शामिल है। वास्तु की मान्यताओं के अनुसार, खिड़कियां घर में हवा, रोशनी और ऊर्जा के आवागमन का माध्यम होती हैं। इसलिए इन्हें लंबे समय तक बंद रखना शुभ नहीं माना जाता। खासतौर पर दिन के समय घर में प्राकृतिक रोशनी और ताजी हवा का प्रवेश होना जरूरी माना जाता है।

नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव : वास्तु के अनुसार, घर में ऊर्जा का संतुलित प्रवाह सकारात्मक वातावरण के लिए जरूरी है। लंबे समय तक दरवाजे और खिड़कियां बंद रखने से हवा और रोशनी का आवागमन प्रभावित हो सकता है। वास्तु मान्यताओं में इसे घर के माहौल में नकारात्मकता बढ़ने से जोड़कर देखा जाता है। इसका असर पारिवारिक सौहार्द, मानसिक शांति और आर्थिक स्थिति पर पड़ने की बात भी कही जाती है।

ऊर्जा का प्रवाह रुकना : जानें वास्तु के जरूरी नियमवास्तु शास्त्र में घर के अलग-अलग हिस्सों में ऊर्जा के संचरण को विशेष महत्व दिया गया है। बंद खिड़कियों के कारण कमरे में प्राकृतिक हवा और प्रकाश का प्रवेश कम हो सकता है। इसलिए दिन में कुछ समय के लिए खिड़कियां खोलने की सलाह दी जाती है।

खिड़कियों की सफाई : सिर्फ खिड़कियां खोलना ही पर्याप्त नहीं माना जाता। उनके शीशे, फ्रेम और आसपास की जगह को साफ रखना भी जरूरी है। धूल और गंदगी जमा होने पर प्राकृतिक रोशनी कमरे के अंदर कम पहुंच सकती है। साफ खिड़कियां घर को अधिक व्यवस्थित और खुला हुआ एहसास देती हैं।

सही पर्दे: खिड़कियों पर जरूरत से ज्यादा मोटे या भारी पर्दे लगाने से कमरे में सूरज की रोशनी और हवा का प्रवेश कम हो सकता है। वास्तु के अनुसार, ऐसे पर्दे बेहतर माने जाते हैं जिनसे प्राकृतिक प्रकाश आसानी से अंदर आ सके।

तकलीफ होने पर नतीजे में पहुंचने से पहले परीक्षण कराएं

छाती में दर्द होना हर बार दिल का मामला नहीं होता गैस्ट्रो से लेकर मांसपेशियों तक की हो सकती हैं दिक्कतें

छाती में दर्द होने की समस्या काफी सामान्य है, इसके कई कारण हो सकते हैं। सांस के विकारों से लेकर, छाती में किसी प्रकार की चोट-संक्रमण या फिर हृदय स्वास्थ्य की समस्याएं इस तरह की दिक्कतों का कारण हो सकती हैं। आमतौर पर इस प्रकार के दर्द को हृदय रोगों की समस्या मान लिया जाता है, पर हर बार ये हृदय रोगों के कारण ही हो रही हो ये जरूरी नहीं है। इसकी कई और वजहें हो सकती हैं जिनपर भी ध्यान देना आवश्यक हो जाता है। क्या आपको भी अक्सर छाती में दर्द होने की समस्या रहती है? अगर हां तो इस बारे में किसी स्वास्थ्य विशेषज्ञ से मिलकर स्थिति का सही निदान जरूर करा लें। कुछ मामलों में ये गंभीर स्थिति हो सकती है जिसका समय रहते उपचार किया जाना जरूरी होता है।



गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल और हृदय रोग, दोनों स्थितियों में होने वाले छाती के दर्द में लक्षण बहुत हद तक एक जैसे ही होते हैं, इसलिए लोगों में इसको लेकर कंफ्यूजन हो सकता है।

गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं

कई प्रकार की गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल स्थितियां सीने में दर्द का कारण बन सकती हैं। गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स डिजीज (जीईआरडी) वाले रोगियों में ये समस्या होना काफी सामान्य है। यह पेप्टिक अल्सर, गैसट्रिटिस या ऐंठन का भी कारण बन सकती है। चूंकि

पैनिक अटैक की स्थिति

पैनिक अटैक, मानसिक स्वास्थ्य के विकारों जैसे स्ट्रेस और एंग्जाइटी के कारण बढ़ सकती है, इसमें ब्लड प्रेशर बढ़ने के साथ आपको छाती में दर्द महसूस हो सकता है। तनाव के प्रति शरीर की इस प्रतिक्रिया से मांसपेशियों में तनाव, श्वास और सीने में जकड़न होने लगती है। चिंता या घबराहट का अनुभव करने वाले लोगों में ये दिक्कत अधिक देखी जाती रही है, इसका समय पर निदान और उपचार आवश्यक है।

मस्कुलोस्केलेटल समस्याएं

छाती में होने वाला दर्द हर बार हृदय रोगों के कारण हो ये जरूरी नहीं है, कुछ स्थितियों में ये मस्कुलोस्केलेटल समस्याओं का भी संकेत हो सकती है। इस स्थिति में



मांसपेशियों, हड्डियों, टेंडन, लिगामेंट्स और अन्य संरचनाओं में दिक्कत होने लगती है। इन स्थितियों में सीने में दर्द मुख्य रूप से छाती और ऊपरी पीठ हिस्से में अधिक होता है। भारी सामान उठाने या ज्यादा मेहनत वाले काम करने की स्थिति में ये दर्द बढ़ने लगता है।



हृदय रोगों में छाती का दर्द होना

सीने में दर्द होने को सामान्यतौर पर हृदय रोग की समस्या मान लिया जाता है। हार्ट की समस्याओं में छाती में होने वाला दर्द हल्के से लेकर गंभीर तक हो सकता है। हार्ट अटैक की स्थिति में भी इस तरह का दर्द होना काफी सामान्य लक्षण हो सकता है। हार्ट अटैक गंभीर और जानलेवा स्थिति है, जिसमें तुरंत डॉक्टरी सहायता और उपचार प्राप्त करना जरूरी हो जाता है।



दिमाग रहता है अशांत तो शुरू करें इन योगासनों का अभ्यास

कई बार काम के तनाव, कमजोरी या अन्य कारणों से लोगों का मन व मस्तिष्क थकावट महसूस करता है। अक्सर ऐसा होता है कि आपका काम में मन नहीं लगता और दिमाग में कई तरह के विचार आते हैं, जिससे आपका दिमाग अशांत हो सकता है। तनाव के कारण भी इस तरह की समस्या होती है। अनिद्रा की शिकायत होने पर भी मन अशांत हो जाता है। अगर इस तरह की समस्या से आप भी ग्रसित हैं तो मन और दिमाग को शांत करने के लिए आपको योगासन का अभ्यास करना चाहिए। योग से दिमाग शांत रहता है। तनाव कम होता और अनिद्रा की समस्या से राहत मिलती है, जिससे एकाग्रता आती है। ऐसे में तनाव और अनिद्रा की शिकायत से राहत पाने के लिए और दिमाग को शांत रखने व एकाग्रता के लिए नियमित इन योगासनों का अभ्यास करें।

वृक्षासन का अभ्यास

इस आसन को करने के लिए सीधे खड़े होकर दाहिने



घुटने को मोड़ते हुए दाहिने पंजे को बाएं जांघ पर रखें। अब पैर के तलवे को जांघ के ऊपर सीधा रखें। इसके बाद बाएं पैर को सीधा रखते हुए संतुलन बनाएं। गहरी सांस लें और नमस्कार की मुद्रा मे रहें। इस दौरान रीढ़ की हड्डी को सीधा रखते हुए सांस छोड़ते समय शरीर को ढीला छोड़ते जाएं। अब हाथों को नीचे लाएं। फिर दाएं पैर को भी सीधा करें। पहले वाली मुद्रा में खड़े हो जाएं। अब बाएं तलवे को दाहिनी जांघ पर रखकर आसन को दोहराएं।

पश्चिमोत्तानासन

दिमाग की शक्ति बढ़ाने के लिए इस योगासन को फायदेमंद माना जाता है। एकाग्रता को सुधारने, तनाव दूर करने और दिमाग शांत रखने के लिए नियमित इस योगासन का अभ्यास करें। पश्चिमोत्तानासन के अभ्यास से शरीर ऊर्जावान बनता है और सक्रियता बढ़ती है। इस आसन को करने के लिए जमीन पर दोनों पैरों को फैलाकर बैठ जाएं। अब सांस लेते हुए हाथों को ऊपर उठाएं और सांस छोड़ते हुए हाथों को आगे की ओर ले जाएं। फिर हाथों की उंगलियों से पैरों की उंगलियों को पकड़ें। कोशिश करें कि इस पोज में आपकी नाक घुटने को छुए। कुछ देर इसी अवस्था में रहने के बाद पुनः सामान्य अवस्था में आ जाएं।

बालासन

कमजोरी और थकान की शिकायत भी मन भ्रमित और दिमाग को असक्रिय बना देती है। ऐसे में बालानस का अभ्यास तनाव को कम करता है और शरीर की ऊर्जा को बढ़ाता है। बालासन का अभ्यास करने के लिए घुटनों के बल बैठकर दोनों टखने और एड़ियों को आपस में एक दूसरे से टच करें। गहरी सांस लेते हुए हाथों को ऊपर ले जाएं। फिर आगे की ओर झुकते हुए पेट को दोनों जांघों के बीच लाते हुए सांस छोड़ें। इस स्थिति में कुछ देर रहने के बा घुटनों को सीध में कर लें और वापस सामान्य स्थिति में आ जाएं।



बासी रोटी से बनाइए जायकेदार नाश्ता



रात को बनाई गई रोटियां अगर बच जाए, तो अमूमन लोग उन्हें अगली सुबह गाय या किसी और जानवर को खिलाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि बासी रोटी खाने में बच्चे हो या फिर बड़े सभी मुंह बनाते हैं। अब ऐसे में इन्हें फेंकने के अलावा कोई और ऑप्शन समझ नहीं आता है, लेकिन अगर आप चाहे, तो बची हुई रोटी से अलग-अलग तरह की रेसिपी या डिशेज बनाकर इन्हें फेंकने से बचा सकती हैं। अगर आपके रसोई की कैसरोल में भी रोटियां बच गई हैं, तो आप इससे कुरकुरी रोटी चाट बनाकर तैयार कर सकती हैं। इसका स्वाद ऐसा कि बच्चे पलक झपकते ही पूरी प्लेट खाली कर देंगे। इतना ही नहीं बल्कि आप इसे बच्चों के टिफिन में भी पैक करके भी दे सकती हैं। बासी रोटी को फेंकने के बजाय आप इससे कुरकुरी रोटी चाट बना सकती हैं। कुरकुरी रोटी चाट बनाने आपको बची हुई रोटियां (2-3),दही (फेंटा हुआ),मीठी चटनी (इमली की) हरी चटनी (धनिया-पुदीना की), बारीक कटा प्याज,टमाटर,धनिया पत्ती,सेव,भुनी हुई मूंगफली चाट मसाला और नमक चाहिए। इसे बनाने के लिए सबसे पहले रोटी को कड़ाही में तेल डालकरडीप फ्राई कर लें। इसके अलावा आप चाहे तो रोटी को तोड़कर उसके बाद उन्हें तेल में डालकर फ्राई करें। अब इन्हें निकालकर दूसरी प्लेट में रख लें। इसके बाद रोटी को छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़ लें। फिर इन पर फेंटा हुआ दही डालें। इसके बाद इसके ऊपर हरी और मीठी चटनी डालें।फिर बारीक कटा प्याज, टमाटर, चाट मसाला और नमक छिड़कें। आखिर में सेव और भुनी हुई मूंगफली डालकर तुरंत मिक्स करें।

नाश्ते में परोसें मसालेदार कॉर्न रवा बॉल्स, होगी तारीफ

सूजी.... नाम सुनते ही हमारा ध्यान सबसे पहले 'सूजी का हलवा' की तरफ ही जाता है। सूजी का हलवा दिमाग में इस कदर बैठा हुआ है कि कई लोग बस इसे ही बनाकर खाते हैं। मगर ऐसा नहीं है कि सूजी से सिर्फ हलवा ही बनाया जा सकता है। सूजी से कई रेसिपीज भी बनाई जा सकती हैं, जिसे एक बार चखने के बाद हलवा को हर कई भूल जाना चाहेगा।

जी हां, अगर आप भी सूजी से एक ही तरह की डिश बनाकर और



खाकर बोर हो गई हैं, तो फिर अब वक्त आ गया है कुछ नया ट्राई करने का। जी हां, इस लेख में हम आपको सूजी से तैयार कुछ शानदार और लाजवाब स्नैक्स की रेसिपी बताने जा रहे हैं, जिन्हें आप आसानी से घर पर बना सकती हैं। सूजी को एक बाउल में निकालें और हल्की आंच पर सूजी को भून लें। अब पैन में घी गर्म करें और राई, कॉर्न, अदरक, चिली फ्लेक्स, हल्दी पाउडर, नमक, सूजी और पानी डालकर पका लें। जब मिश्रण गाढ़ा हो जाए, तो गैस बंद कर दें और सूजी का मिश्रण ठंडा होने के लिए रख दें। छोटी-छोटी बॉल्स बनाएं और 10 मिनट तक हल्की आंच पर स्टीम होने दें। अब पैन में 2 चम्मच तेल डालें और लाल मिर्च पाउडर, हरा धनिया और बचा हुआ सभी सामान डालकर पकाएं। फिर ऊपर से कॉर्न डालकर हरी चटनी के साथ सर्व करें।

कार्नर न्यूज

जीवन में सबसे ज्यादा मायने रखती है सामूहिक सफलता

अपने लक्ष्य को पाना है तो टीम वर्क को दें प्राथमिकता, सफलता चूमेगी आपके कदम

टीम वर्क एक तरह से किसी भी लक्ष्य को पाने का सबसे कारगर तरीका है इसके अलावा कुशल तरीके से किसी कार्य को पूरा करने के लिए एक समूह का सहयोगी प्रयास है। टीम वर्क किसी भी तरीके में मौजूद है जहां एक समूह के लोग एक समान लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं उसे ही हम टीम वर्क कहते है।

टीम का महत्व

अगर आप अकेले कितना भी काम कर ले मगर उतनी सफलता आपको उस काम में नहीं मिलेगी जितना आप अपनी टीम के साथ काम कर के कर सकते हैं। अकेले आप ज्यादा दूर नहीं जा सकते है। अकेले आप कुछ दूर तक तो दौड़ सकते हो मगर ज्यादा दूर जाने के लिए टीम की जरूरत होती है।

क्यों जरूरी है टीम

टीम सिर्फ खेल में ही नहीं होती है बल्कि हरेक काम में टीम बनाकर सफलता को लिया जा सकता है। वहां पर एक बड़े सीनियर लीडर ने टीम वर्क के बारे में समझाया और उनका कहना था। टीम बनाने का मतलब है अपने वक्त को मल्टीप्लाई करना। हर एक



इन्सान के पास एक दिन में काम करने के तय घंटे होते है। यदि आपका अपना काम है और आपके पास कंपनी में 10 लोग है अगर एक इन्सान एक दिन 8 घंटे काम करता है। तो आपके लिए एक दिन में 80 घंटे हो गया। जाहिर है, आपकी इनकम बढ़ जाएगी। जबकि अकेले काम करके आप 8 घंटे हिसाब से ही पैसे कमा पाते।

टीम स्किल

हर इंसान अलग-अलग तरीके से किसी भी काम को करता है इसलिए उनके काम करने का तरीका भी अलग होगा। जैसे कि हमारा सहकर्मी जो कोई एक जल्दी काम खत्म कर लेगा और कोई होगा जो काम करने में ज्यादा समय लगाता हैं। किसी की प्रेजेंटेशन स्किल बहुत अच्छी होगी तो किसी की कम्युनिकेशन स्किल अच्छी होगी तो हर किसी की विशेषता को साथ में लेकर मिलाजुला कर हम कैसे काम कर सकते है कैसे टीम में एक साथ काम कर पाए वह बहुत जरूरी हैं। टीम स्किल में प्रत्येक सहकर्मी की योग्यता और



विशेषता को साथ लेकर चलना होता है। टीम वर्क को सक्सेसफुल बनाने के लिए टीम संचालक की अच्छी कम्युनिकेशन स्किल और सबकी सुनने की क्षमता होनी चाहिए। टीम वर्क के लिए एक दूसरे को समझ पाना बेहद जरूरी है। टीम मैनेजमेंट में आवश्यक है कि प्रत्येक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति के बातों को उनके विचारों को ध्यान से सुने और एक दूसरे के साथ समझदारी से बातचीत करके अच्छे-अच्छे आइडिया निकालें।

टीम वर्क के फायदे

टीम वर्क एक महत्वपूर्ण कौशल है जिसे प्रत्येक व्यक्ति को अपने क्षेत्र में विकसित करने की आवश्यकता है। टीम वर्क महत्वपूर्ण होने के कुछ कारण यहां दिए गए हैं:

रचनात्मकता बढ़ाता है

एक समय में समानता आने पर अक्सर लोगों को अधिक रचनात्मक और मुखर देखा जाता है। यदि किसी टीम के कर्मचारी एक-दूसरे से जुड़े होते हैं और उनमें आपसी समझ होती है, तो वे अस्वीकृति के डर के बिना अपने विचारों और विचारों को आत्मविश्वास से साझा करेंगे। इस प्रकार, ध्वनि टीमवर्क करना फायदेमंद है जो रचनात्मकता को सफलता की ओर ले जाएगा।

फिल्म इवेंट

हालीवुड

73 एपिसोड वाली वर्ल्ड फेमस वेब सीरीज पर बन रही फिल्म

मिर्जापुर वेब सीरीज पर फिल्म बनी। 4 सितंबर को ये फिल्म रिलीज हुई और इस फिल्म ने 300 करोड़ रुपए का कारोबार किया। प्राइम वीडियो ने अपनी इस




फेमस वेब सीरीज को फिल्म में तब्दील करने का फैसला लिया था। वेस्टरोस अब सिर्फ टीवी और ओटीटी तक सीमित नहीं रहेगा। वॉर्नर ब्रदर्स ने ऐलान किया है कि फ्रैंचाइजी की पहली फीचर फिल्म 'गेम ऑफ थ्रोन्सः एगान्स कॉन्क्वेस्ट 1 जून 2029 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 2011 से 2019 तक एचबीओ पर चली गेम्स ऑफ थ्रोन सीरीज ने दुनिया भर में हड़कंप मचा दिया था। उसके बाद हाउस ऑफ द ड्रैगन और ए नाइट ऑफ द सेवन किंगडम्स जैसी स्पिन-ऑफ आईं। अब वही दुनिया पहली बार थिएटर में उतरेगी। 'गेम ऑफ थ्रोन्सः एगान्स कॉन्क्वेस्टट का निर्देशन ओवेन हैरिस कर रहे हैं। उन्होंने ए नाइट ऑफ द सेवन किंगडम्स के तीन एपिसोड बनाए, जिनमें ट्रायल ऑफ सेवन वाला एपिसोड शामिल है। ब्लैक मिरर के प्रसिद्ध एपिसोड सैन जुनिपेरो का निर्देशन भी उन्हीं का है। पटकथा बो विलिमन लिख रहे हैं। बता दें कि गेम्स ऑफ थ्रोन पर फिल्म बनाने की चर्चा 2013 में शुरू हुई थी। अब रिलीज डेट और निर्देशक दोनों ही फाइनल हो चुके हैं। 'गेम ऑफ थ्रोन्सः एगॉन्स कॉन्क्वेस्ट' की कहानी टारगेरियन वंश के संस्थापक एगॉन प्रथम पर केंद्रित है, जिन्होंने करीब तीन सौ साल पहले वेस्टरोस के छह राज्यों को एक किया और आयरन थ्रोन की नींव रखी. यह किरदार अब तक किसी लाइव-एक्शन प्रोडक्शन में नहीं दिखा है।

टॉलीवुड

रश्मिका को अपने ही डॉग ऑरा से हुई जलन, चल रही फुल ऐश

हाल ही में 'कॉकटेल 2' में नजर आईं अभिनेत्री रश्मिका मंदाना अपने प्यारे पालतू डॉग ऑरा से ईर्ष्या करती हैं, क्योंकि वह काम में व्यस्त रहती हैं, जबकि ऑरा




आराम से रविवार बिताता है। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन में चादर के नीचे गहरी नींद में सो रहे अपने पैट की एक तस्वीर साझा की। अभिनेत्री ने अपनी ईर्ष्या व्यक्त करते हुए ऑरा को बेहद भाग्यशाली बताया। रश्मिका मंदाना ने तस्वीर पर लिखा, 'ऑरा का हाल कुछ ऐसा हैः मम्मी बिल्कुल सोई नहीं हैं और उन्हें काम पर भी जाना है लेकिन इससे किसी को क्या फर्क पड़ता है? पूरा बिस्तर तो मुझे ही मिल रहा है और मैं बहुत खुश हूं किस्मत वाला।' अभिनेत्री का शेड्यूल काफी व्यस्त है, उनकी कुछ बड़ी फिल्में रिलीज होने वाली हैं. वह अगली बार 'मैसा'में नजर आएंगी. फिल्म का टीजर हाल ही में जारी किया गया था और यह एक दमदार मनोरंजन का वादा करता है। टीजर में पानी के अंदर के शानदार दृश्य दिखाए गए हैं, जिनमें रश्मिका का पानी की तलहटी में हंसिया पकड़े बैठे रहने का दृश्य रोंगटे खड़े कर देने वाला है। रश्मिका ने गोंड आदिवासी महिला का किरदार निभाया है, जो एक चुनौतीपूर्ण भूमिका है जिसके लिए गहन शारीरिक तैयारी और चुनौतीपूर्ण एक्शन दृश्यों की आवश्यकता थी। अनफॉर्मूला फिल्म्स द्वारा निर्मित 'मैसा' एक एक्शन-ड्रामा है जिसका निर्देशन नवोदित निर्देशक रवींद्र पुल्ले ने किया है। यह फिल्म बड़े पैमाने पर बनाई जा रही है जिसमें व्यापक एक्शन और तकनीकी रूप से महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण पर जोर दिया गया है। निर्माताओं ने एक बार फिर पुष्टि की है कि मैसा 27 नवंबर, 2026 को तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

भोजपुरी

कल्लू का नया भक्ति गाना 'दीवानी देवी मईया के' रिलीज

नवरात्रि का पावन पर्व नजदीक हो, पंडालों की तैयारी चल रही हो और भोजपुरी का ध मा के दा र भक्ति ट्रैक ना गूंजे, ऐसा भला कैसे हो सकता है। त्योहार के इस



पावन मौके को और खास बनाने के लिए भोजपुरी के लोकप्रिय स्टार अरविंद अकेला कल्लू का नया देवी गीत 'दीवानी देवी मईया के' रिलीज हो चुका है। इस म्यूजिक वीडियो में अरविंद अकेला कल्लू के साथ खूबसूरत एक्ट्रेस नेहा गुप्ता स्क्रीन शेयर करती नजर आ रही हैं। दोनों का ट्रेडिशनल और देसी अवतार नवरात्रि के माहौल में पूरी तरह से रच-बस गया है। वीडियो में जहां एक तरफ मां की भक्ति और पूजा-अर्चना का भाव है, वहीं दूसरी तरफ पंडाल व मेले में घूमने को लेकर दोनों के बीच की हल्की-फुल्की नोक-झोंक देखने को मिलती है। कल्लू और नेहा की ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। 'दीवानी देवी मईया के' सिर्फ एक सीधा-साधा भजन नहीं है, बल्कि इसे हाई-एनर्जी डांस बीट्स पर तैयार किया गया है। गाने का म्यूजिक इतना जोशीला है कि सुनते ही पैर अपने आप थिरकने लगते हैं। कोरियोग्राफर रोबोट और गोलू के निर्देशन में अरविंद अकेला कल्लू और नेहा गुप्ता ने जिस ऊर्जा के साथ देसी ठुमके लगाए हैं, उसने वीडियो में जान फूंक दी है। दोनों के डांस स्टेप्स बेहद कैची और एनर्जेटिक हैं, जो पूजा पंडालों और देवी जागरणों के मंच पर बजने के लिए एकदम मुफीद साबित हो रहे हैं।



लाइफ स्टाइल

माधुरी ने इवेंट में लगाए चार चांद


मुंबई के ताज लैंड्स एंड में आयोजित मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के 'मिजवान वेलफेयर फैशन शो' में धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित साड़ी में बेहद खूबसूरत लगीं।

डांडिया-गरबा नाइट में छा जाएगा आपका लुक, ऐसे करें मेकअप

शारदीय नवरात्रि 11 अक्टूबर 2026 से आरंभ हो रही है। देशभर में इस पर्व को मनाने का तरीका अलग अलग है। कहीं दुर्गा पूजा का आयोजन होता है तो कहीं डांडिया-गरबा खेला जाता है। नवरात्रि के आखिरी दिनों में डांडिया और गरबा नाइट्स का आयोजन होता है।

नवरात्रि में गरबा और डांडिया नाइट का उत्साह अलग ही होता है। रंग-बिरंगे लहंगे, चनिया चोली, खूबसूरत ज्वेलरी और ट्रेडिशनल हेयरस्टाइल के साथ मेकअप भी पूरे लुक को खास बना देता है। अगर आप इस गरबा नाइट पर कुछ ऐसा मेकअप करना चाहती हैं जो ट्रेडिशनल आउटफिट के साथ मॉडर्न टच भी दे, तो कुछ आसान मेकअप आइडियाज ट्राई किए जा सकते हैं।


गरबा नाइट के लिए मेकअप चुनते समय सबसे जरूरी है कि वह आपकी ड्रेस, ज्वेलरी और स्किन टोन के साथ अच्छा लगे। रातभर डांस और मस्ती के दौरान



मेकअप ज्यादा फैलने से बचाने के लिए बेस को हल्का और अच्छी तरह सेट करना बेहतर होता है। आंखों के मेकअप में शिमर, कलरफुल आईलाइनर या बोल्ड काजल का इस्तेमाल फेस्टिव लुक को और आकर्षक बना सकता है।

होंठों के लिए आप क्लासिक रेड, डीप पिंक, बेरी या न्यूड शेड चुन सकती हैं। अगर आंखों का मेकअप बोल्ड है, तो लिप्स को थोड़ा सॉफ्ट रखना अच्छा संतुलन बना सकता है। सबसे जरूरी बात यह है कि मेकअप ऐसा हो जिसमें आप पूरी रात आरामदायक महसूस करें।

ग्लोइंग बेस मेकअप



गरबा नाइट के लिए बहुत ज्यादा हैवी बेस लगाने के बजाय हल्का और नेचुरल दिखने वाला बेस चुनें। सबसे पहले चेहरे को साफ करके मॉइस्चराइजर लगाएं। इसके बाद अपनी त्वचा के अनुसार बेस प्रोडक्ट लगाकर अच्छी तरह ब्लेंड करें। हल्का हाइलाइटर गालों के ऊपरी हिस्से और नाक के ब्रिज पर लगाया जा सकता है। इससे चेहरे पर फेस्टिव ग्लो आएगा।

शिमरी आई मेकअप

नवरात्रि के आउटफिट के साथ शिमरी आईशैडो काफी खूबसूरत लग सकता है। गोल्ड, कॉपर, सिल्वर या ब्रॉन्ज जैसे शेड्स चुनें। अगर आपका आउटफिट बहुत चमकदार है, तो आंखों का मेकअप थोड़ा सॉफ्ट रखें।

पुरानी जींस को लेस से दें नया स्टाइलिश लुक, घर पर ऐसे करें तैयार



अगर आप जींस के एक जैसे स्टाइल पहन-पहनकर ऊब चुकी हैं, तो अब लेस-अप जींस ट्राई कर सकती हैं। वाई2के फैशन दौर की यह जींस इस समय ट्रेंड में है। इस ट्रेंड की सबसे खास बात है कि इसे बाजार से खरीदने के बजाय खुद घर पर आसानी से तैयार किया जा सकता है, जिसके लिए बस आपको चाहिए- एक आरामदायक जींस, कॉटन की सफेद लेस, एक कैंची और सिलाई मशीन।

फ्लेयर कट जींस में दिखेगा बोल्ड अंदाज

फ्लेयर कट जींस में रेट्रो और वाई2के फैशन का खूबसूरत मेल देखने को मिलता है। अगर आप अपने डेनिम लुक में थोड़ा फेमिनिन और क्रिएटिव ट्विस्ट चाहती हैं, तो इसमें लेस का इस्तेमाल करें। घुटने से नीचे फ्लेयर वाले हिस्से के किनारों पर लेस लगाने से जींस को सॉफ्ट और नाजुक अंदाज मिलता है। वहीं, बड़े कट्स के साथ लेस का मेल इसे बोल्ड और स्टाइलिश लुक दे सकता है।

रिप्ड जींस को दें लेस का नया ट्विस्ट

रिप्ड जींस एक समय में युवाओं की पंसद रही थी, वह अब अलमारी में एक कोने में बंद है। लेस-अप जींस ट्रेंड उसे फिर से पहनने का मौका बन सकता है। इसके लिए जींस के जिस हिस्से पर रिप है, उसके अंदर की तरफ लेस लगाएं। रिप के बीच से दिखाई देती सफेद या हल्के रंग की लेस डेनिम के साथ खूबसूरत कंट्रास्ट बनाती है। खास बात यह है कि इसके लिए ज्यादा मेहनत या बड़े बदलाव की जरूरत नहीं पड़ती।

बूट कट जींस को दें कैजुअल और विंटेज लुक

बूट कट जींस में लेस का छोटा-सा ट्विस्ट पूरे लुक को विंटेज और स्टाइलिश बना सकता है। जींस के बॉटम के दोनों किनारों पर छोटे कट लगाकर वहां ट्रायंगल शेप में क्रोशिया लेस लगाएं। सफेद लेस नीली डेनिम के साथ खूबसूरत कंट्रास्ट बनाती है और साधारण जींस को खास अंदाज बनाती है। इसे केजुअल आउटिंग में टॉप के साथ या पार्टी के लिए स्टाइलिश टॉप और एक्सेसरीज के साथ पहन सकती हैं।

बिटिया के लिए खरीदें चांदी के कंगन, नन्हें हाथों पर खिल उठेंगे ये खूबसूरत डिजाइन

नवरात्रि के खास दिनों में अगर आप बिटिया को कोई तोहफा देना चाहते हैं, तो इस बार चांदी के कंगन दीजिए। चांदी के कंगन नन्हें हाथों पर सुंदर लगते हैं और बच्चे पहने भी रखते हैं। बेटियों के हाथों में कंगन की छनछन आवाज आपके कानों को सुकून देगी और उनके छोटे हाथों पर सभी की नजर टिकेगी। इस नवरात्रि बिटिया के लिए चांदी के कंगन खरीदने का सोच रहे हैं, तो हम आपके लिए एक से बढ़कर एक सुंदर डिजाइन लेकर आए हैं, जो बिटिया आसानी से पहन लेगी और ये चुभेंगे भी नहीं।

घुंघरू वर्क सिल्वर बैंगल्स : इन चांदी की चूड़ियों में बारीक नक्काशीदार जाली का पारंपरिक काम किया गया है, जिसके किनारों पर छोटी-छोटी सिल्वर बॉल्स और घुंघरू की लटकनें लगी हुई हैं। यह कड़ा-स्टाइल किसी भी शादी-त्योहार या ट्रेडिशनल एथनिक आउटफिट के साथ बिटिया को पहना सकते हैं।

स्ट्रॉबेरी एंड फिश चार्म कंगन : बिटिया के लिए डिजाइन किए गए इस सिल्वर कड़े में



ब्राइट रेड कलर का क्यूट स्ट्रॉबेरी एनेमल वर्क और एक छोटी सी लटकती हुई फिश चार्म दी गई है। इसका एडजस्टेबल डिजाइन बच्चों की नाजुक कलाई के लिए सेफ और कंफर्टेबल रहेगा।

एनेमल ओपन-कफ कड़ा बिटिया के कैजुअल और डेली वियर के लिए बना यह मिनिमल सिल्वर कड़ा प्यारे हेलो किट्टी मोटिफ और पर्पल एनेमल डिटेलिंग वाली डिजाइन में होगा। इसके ओपन-एंडेड सिलेंड्रिकल फ्रेम में एक तरफ सिल्वर बॉल और दूसरी तरफ क्यूट किट्टी लगी है, जो बेटी को काफी पसंद आएगी।

गरबा-डांडिया लुक के लिए ट्राई करें ये ट्रेंडी डाई हेयर एक्सेसरीज, कम खर्च में दिखेंगी खास

नवरात्रि आते ही एक्साइटमेंट काफी ज्यादा बढ़ जाती है। ऐसा इसलिए, क्योंकि शारदीय नवरात्रि में जगह-जगह पर गरबा और डांडिया नाइट होस्ट की जाती है। इन नाइट्स में शामिल होने के लिए महिलाएं बहुत सुंदर तरीके से तैयार होती हैं। वैसे तो ट्रेडिशनल तरीके से तैयार होने के लिए चनिया-चोली पहनी जाती है। लेकिन अगर आप फ्यूजन लुक क्रिएट कर रही हैं तो किसी भी फैंसी आउटफिट के साथ लुक क्रिएट कर सकती हैं। फ्यूजन लुक के लिए जींस के साथ सफेद कुर्ती या शर्ट और उसके ऊपर गुजराती जैकेट गजब की लगती है। इसके अलावा सफेद शर्ट के साथ गुजराती स्कर्ट या आजकल चलने वाली गुजराती स्टाइल जींस भी काफी अच्छी दिखती है। आउटफिट चाहें आप



कैसा भी पहन रही हों लेकिन जब तक आप अपने लुक में हेयरस्टाइल ठीक तरह से नहीं बनाएंगी तो लुक अलग नहीं दिखेगा। यहां हम डाई हेयर एक्सेसरीज बनाने का तरीका बता रहे हैं जिनसे कम खर्च में लुक को खास बनाया जा सकता है। इसके लिए लेस के चौड़े टुकड़े को हाफ करके सिल लें। फिर इसे सीधा करें और सेंटर की तरफ से ऊपरे से नीचे की तरफ को दबाएं और फिर एक टांका लगाएं।

क्लचर से बनाएं सुंदर एक्सेसरी

सादे क्लचर से आप सुंदर हेयर एक्सेसरी बना सकती हैं। इसके लिए आपको जरूरत होगी कुछ गुजराती लेस, गोल्डन कौड़ी शेल्स, कॉटन के तीन रंग के धागे, ग्लू, कलरफुल पॉम-पॉम, सजावट वाले शीशे और गोटा पत्ती सर्कल की।

क्लचर सजाने के लिए सबसे पहले बची हुई लेस को क्लचर के दोनों तरफ पर अच्छी तरह से चिपका दें। फिर इसके ऊपर साइड में कौड़ी शेल्स भी लगा दें।

क्लचर के ऊपर कुछ पॉम-पॉम लगाएं और फिर धागे को चोटी में बांध लें। चोटी के लास्ट में गोटा पत्ती वाले सर्कल को लगाएं और फिर इसे अच्छी तरह से क्लचर पर पेस्ट कर दें।

कार्नर न्यूज करवाचौथ से जुड़े फीचर्स को मिलाकर सुंदर डिजाइन बना सकती हैं

करवाचौथ की मेहंदी हो ऐसी, सिंपल भी और त्योहार वाली फील भी!

करवाचौथ पर मेहंदी के बिना लुक थोड़ा अधूरा सा लगता है। लेकिन, जरूरी नहीं कि इसके लिए हाथों को पूरा भर दिया जाए। आजकल सिंपल और मिनिमल मेहंदी डिजाइन भी काफी पसंद किए जा रहे हैं। आप छोटे फूल, बेल, जाल या करवाचौथ से जुड़े फीचर्स को मिलाकर सुंदर डिजाइन बना सकती हैं। इससे हाथ भी ज्यादा भरे हुए नहीं लगते और मेहंदी का लुक भी खास रहता है। अगर आपको भारी डिजाइन पसंद नहीं हैं, तो ये स्टाइल आपके लिए एकदम सही हो सकते हैं।

दुल्हन वाला डिजाइन

करवाचौथ की मेहंदी में दुल्हन की छोटी सी तस्वीर काफी प्यारी लगती है। इसके लिए हथेली के बीच में दुल्हन का मिनिमल स्केच बनवाएं और उसके आसपास छोटे फूल या पत्तियों की बेल लगाएं। डिजाइन को ज्यादा भरने की जरूरत नहीं है। दुल्हन का चेहरा और लहंगा थोड़े डिटेल में बनाया जा सकता है, जबकि बाकी हिस्सा हल्का रखें। अगर आप चाहें तो दुल्हन के साथ एक छोटा सा दिल भी बनवा सकती हैं। यह डिजाइन करवाचौथ की फील भी देगा और हाथ बहुत भारी भी नहीं लगेगा।



छलनी वाला मेहंदी डिजाइन

करवाचौथ की कहानी में छलनी का खास रोल होता है, इसलिए इसे मेहंदी डिजाइन में शामिल करना एक अच्छा आइडिया है। हथेली या हाथ के बीच में छोटी सी छलनी बनवाएं और उसके पीछे चांद का सिंपल डिजाइन बना दें। आसपास छोटे डॉट्स, पत्तियां या फूल लगाकर इसे और सुंदर बनाया जा सकता है। छलनी का डिजाइन बहुत बारीक रखने की जरूरत नहीं है। बस इतना ध्यान रखें कि इसका शेप साफ दिखे। यह सिंपल डिजाइन करवाचौथ के मौके के लिए काफी प्यारा और अलग लगेगा।

चांद और सितारों वाला पैटर्न

करवाचौथ पर चांद का कनेक्शन तो खास है ही, इसलिए मेहंदी में छोटा सा चांद और सितारे भी बनाए जा सकते हैं। हथेली के एक हिस्से में पतला सा चांद बनवाएं और उसके आसपास कुछ छोटे सितारे लगाएं। इसके साथ हल्की बेल या छोटे फूल जोड़ सकती हैं। अगर आपको बहुत ज्यादा डिटेल वाली मेहंदी पसंद नहीं है, तो यह डिजाइन अच्छा ऑप्शन रहेगा। इसमें खाली जगह ज्यादा रहती है, जिससे हाथ साफ और स्टाइलिश दिखते हैं। यह डिजाइन फ्रंट हैंड पर खास तौर पर सुंदर लगेगा।

बेल और फूलों वाला डिजाइन

अगर आप करवाचौथ के लिए एकदम सिंपल मेहंदी चाहती हैं, तो बेल और छोटे फूलों का पैटर्न चुन सकती हैं। उंगलियों से शुरू होकर हथेली तक आती पतली बेल हाथ को लंबा और सुंदर लुक देती है। इसके बीच-बीच में छोटे फूल, पत्तियां और डॉट्स बनाए जा सकते हैं। इसमें किसी खास करवाचौथ फीचर की जरूरत नहीं होती, फिर भी पूरा लुक फेस्टिव लगता है। यह डिजाइन उन लोगों के लिए भी अच्छा है, जिन्हें जल्दी मेहंदी लगवानी हो और बहुत ज्यादा टाइम नहीं देना।



करवा वाला डिजाइन

अगर आप करवाचौथ की मेहंदी में कोई ट्रेडिशनल फीचर चाहती हैं, तो करवा वाला डिजाइन ट्राई कर सकती हैं। हथेली के बीच में छोटा सा करवा बनवाकर उसके आसपास पत्तियों और फूलों की हल्की बॉर्डर बनाई जा सकती है। करवा के ऊपर छोटा सा डिजाइन या डॉट पैटर्न भी अच्छा लगेगा। इसे ज्यादा भरने के बजाय खाली जगह रखें, इससे डिजाइन साफ दिखाई देगा। यह पैटर्न खासकर उन महिलाओं को पसंद आ सकता है, जिन्हें करवाचौथ से जुड़ी चीजें मेहंदी में शामिल करना अच्छा लगता है।